वर्ष 14, अंक 176
गैरसैंण
सोमवार
30 अक्टूबर 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## केरल के एर्नाकुलम में ईसाइयों की प्रार्थना सभा में 3 धमाके, एक की मौत, 36 अन्य घायल


**कोच्चि, एजेंसी।** केरल के एर्नाकुलम इलाके में रविवार सुबह 9 बजे के करीब कन्वेंशन सेंटर में एक के बाद एक तीन धमाके हुए। इन धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 36 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घायलों में दो की हालतं गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जिस समय यह धमाके हुए उस समय कन्वेंशन सेंटर में यहोवा के गवाहों की प्रार्थना सभा चल रही थी। प्रार्थना सभा में 2000 से अधिक लोग मौजूद थे। धमाका इतना तेज था कि जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर को हिलाकर रख दिया। तेज आवाज के बाद वहां भगदड़ भी मच गई। कई लोग जान बचाकर यहां-वहां भागने लगे। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी है।

राज्य के पुलिस महानिदेशक डॉ. शेख दरवेश साहब ने कहा,"आज सुबह लगभग 9:40 बजे जमरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 36 लोगों का इलाज चल रहा है। कन्वेंशन सेंटर में हमने देखा कि एक क्षेत्रीय सम्मेलन हो रहा था। हमारे सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर हैं। हमारे अतिरिक्त डीजीपी भी रास्ते में हैं। मैं भी शीघ्र ही मौके पर पहुंचूंगा। हम पूरी जांच कर रहे हैं, पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है और सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

एक अधिकारी सहित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की आठ सदस्यीय टीम बम विस्फोट के बारे में पूछताछ करने के लिए केरल जा रही है। एनएसजी ने आज एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी इलाके में ज़मरा इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में हुए विस्फोट में इस्तेमाल की गई सामग्रियों को इकट्ठा करने और जांच करने के लिए अपनी एक बम निरोधक इकाई को दिल्ली से केरल भेजा है। डीजीपी ने लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ या नफरत वाले संदेश प्रसारित नहीं करने को कहा। ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

केरल के एर्नाकुलम में हुए विस्फोट पर केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने कहा, "इस घटना के संबंध में केंद्रीय एजेंसियों ने पहले ही जांच शुरू कर दी है। मुझे यकीन है कि वे घटना के विवरण तक जाएंगे और पता लगाएंगे कि इसके कारण क्या हैं और इस घटना के पीछे कौन हैं। मैं राज्य सरकार से अपील करना



चाहूंगा कि घायलों को सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए।

हम जांच के विवरण सामने आने का इंतजार करेंगे और फिर आगे की कार्रवाई करेंगे।" मुरलीधरन ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह एक शक्तिशाली विस्फोट उपकरण है और हम इसकी जांच कर रहे हैं।

एक प्रत्याक्षदर्शी ने बताया कि कन्वेंशन सेंटर के अंदर हम सभी प्रार्थना में व्यस्त थे। फिर, अचानक, एक विस्फोट हुआ। तीन-चार विस्फोट हुए। मैं किसी तरह भागने में कामयाब रहा और अपनी जान बचाई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि प्रार्थना में भाग लेने वालों में से अधिकांश अंगमाली के निवासी थे। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि पहला विस्फोट हॉल के बीच में हुआ और दूसरा और तीसरा विस्फोट कुछ ही सेकंडों में हुआ। मुझे बताया गया कि दो विस्फोट हुए और आग लग गई। सबसे पहले, एक बड़ा विस्फोट हुआ।

दूसरा छोटा था। एक महिला की मौत हो गई और 25 लोग अस्पताल में हैं। 25 में से 6 व्यक्ति आईसीयू इकाई में हैं। लगभग 2,000 लोग वहां मौजूद थे।

इस घटना को लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम घटना के संबंध में विवरण एकत्र कर रहे हैं। एर्नाकुलम में सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद हैं। डीडीपी घटनास्थल पर पहुंज गए हैं। हम इस घटना को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है और दो लगों की हालत गंभीर है।

### एक शख्स ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल में कोच्चि के एक व्यक्ति ने त्रिशूर जिले के कोडकारा थाना में रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया और कबूल किया कि उसने यहां कलामस्सेरी में ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगाया था। जमरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र में हुए कई विस्फोटों में एक महिला की मौत हो गई तथा कई अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। यह घटना सुबह 9.45 बजे हुई जब लगभग 2,400 लोग प्रार्थना के लिए वहां इकट्ठे हुए थे।

पुलिस ने उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया क्योंकि उसने खुद को कोच्चि का मूल निवासी बताया था। सूत्रों ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है। सिलसिलेवार धमाकों के बाद पुलिस ने संवेदनशील 14 जिलों समेत पूरे राज्य में अलर्ट के निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य से आने-जाने वाले सभी वाहनों की सीमावर्ती इलाकों में जांच की जा रही है।

### केरल विस्फोट: 14 जिलों में अलर्ट, रेलवे-बस अड्डों पर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश, कर्नाटक सीमा सील

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के कालामस्सेरी में रविवार सुबह हुए सिलसिलेवार विस्फोट के बाद राज्य के 14 जिलों को अलर्ट किया गया है। कर्नाटक सरकार ने भी अलर्ट जारी करके सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी है। केरल में अधिकारियों ने सभी 14 जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष रूप से रेलवे और बस स्टेशनों के आसपास अत्यधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कठोर पुलिस गश्त की आवश्यकता पर बल दिया है। अधिकारी अभी तक विस्फोट का कारण निर्धारित नहीं कर पा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस विस्फोट में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल हुआ है। विस्फोटों की जांच कर रहे अधिकारी विस्फोटक उपकरण लगाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों और समय का निर्धारण करने के लिए कन्वेंशन सेंटर के तीन दिवसीय सीसीटीवी फुटेज की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं।

राज्य के उद्योग मंत्री और



कलामस्सेरी विधायक पी राजीव ने कहा कि वह कारण की पहचान करने से पहले निरीक्षण पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं और यह क्षेत्र फिलहाल प्रतिबंधित है। केरल में हुए दुखद विस्फोट के मद्देनजर कर्नाटक सरकार ने राज्यव्यापी अलर्ट जारी किया है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है जो कड़ी निगरानी के अधीन होंगे।कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उडुपी में मीडिया से कहा,"हमने पुलिस को अलर्ट संदेश भेज दिया है। हमारे पास हालांकि केरल विस्फोट के अपराधियों और परिस्थितियों के बारे में विशिष्ट विवरण नहीं हैं, फिर भी हमने महानिरीक्षक और आयुक्त को मेंगलुरु सीमा पर सतर्क निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया है।"

### अफगानिस्तान में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 5.0 रही तीव्रता, 13 लोग घायल

**हेरात, एजेंसी।** अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में शनिवार देर रात आए ताजा भूकंप में 13 लोग घायल हो गए। प्रांत के क्षेत्रीय अस्पताल के प्रमुख नूर गुल वलीजादा ने रविवार को बताया कि भूकंप के झटके कल देर रात महसूस किए गए। उन्होंने कहा कि घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। अमरीकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में स्थित था।

बता दें कि इससे पहले रविवार को भी स्थानीय समयानुसार सुबह 9:20 बजे हेरात में 4.8 तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। अधिकारी ने पुष्टि की कि कुल 13 घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, भूकंप से संपत्ति को भी नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर के बाद से हेरात और पड़ोसी बदगीस एवं फराह प्रांतों में भूकंप के कई झटके आए, जिससे हजारों लोग हताहत हुए। इसके अलावा हजारों मकान नष्ट हो गए।

### एकता दिवस पर रखी जाएगी युवाओं के सबसे बड़े संगठन मेरा युवा भारत की नींव: पीएम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज घोषणा की कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को एकता दिवस के मौके पर आज़ादी के अमृत महोत्सव का समापन होने के साथ ही एक बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन 'मेरा युवा भारत' की नींव रखी जाएगी जो नौजवानों को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा।

मोदी ने यहां आकाशवाणी पर अपने नियमित मासिक कार्यक्रम मन की बात की 106 वीं कड़ी में यह घोषणा की। मोदी ने कहा कि 31 अक्टूबर का दिन हम सभी के लिए बहुत विशेष होता है। इस दिन हमारे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म-जयंती मनाते हैं। हम भारतवासी, उन्हें, कई वजहों से याद करते हैं, और श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। सबसे बड़ी वजह है झ देश की 580 से ज्यादा रियासतों को जोडने़ में उनकी अतुलनीय भूमिका।उन्होंने कहा कि हम जानते हैं हर साल 31 अक्टूबर को गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता दिवस से जुड़ा मुख्य समारोह होता है। इस बार इसके अलावा दिल्ली में कर्तव्य पथ पर एक बहुत ही विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।

### खड़गे ने प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर बीजेपी पर किया तंज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तंज किया।

खड़गे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर करते हुए हिंदी में लिखा, 'पिछले 9.5 सालों से बीजेपी बढ़ती महंगाई और ऊंची कीमतों के खिलाफ जनता के आक्रेश का मजाक उड़ा रही है, हर बार महंगाई के मुद्दे पर मोदी सरकार ने लोगों का मजाक उड़ाया है।' महंगाई दिखाई नहीं देती, मैं प्याज नहीं खाता, हम दूसरे देशों से बेहतर हैं।

## उत्तराखंड में तेजी से पिघले ग्लेशियर ने बढ़ाई चिंता

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। इस साल मौसम के पैटर्न में बदलाव और तापमान में बढ़ोतरी के चलते यहां के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे, जिससे भिलंगना झील का आकार बढ़ने लगा है। ऐसे में भविष्य में झील से किसी भी प्रकार की परेशानी खड़ी न हो इसके लिए वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालय जियोलॉजी के वैज्ञानिक सेटेलाइट से झील पर नजर बनाए हुए हैं।

वाडिया की ओर से बीते कुछ समय से भिलंगना झील पर अध्ययन किया जा रहा है, लेकिन इस साल जलवायु परिवर्तन में बदलाव से वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ गई है। वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले 10 साल में तापमान में 0.5 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। ऐसे में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने की घटनाओं में तेजी देखने को



मिलेगी। वाडिया के निदेशक डॉ. कालाचंद साईं ने बताया, आमतौर पर मोरेन डैम झील खतरा पैदा करती है, जिससे झील के अन्य पहलुओं का भी अध्ययन किया जा रहा है। ऐसे में अगर झील में ज्यादा पानी आता है तो झील के चारों तरफ मोरेन से बनी दीवार पानी के तेज बहाव को झेल नहीं सकती है, इसलिए झील को लगातार मॉनिटर करने की जरूरत है। कहा, वहां जाना मुश्किल काम है ऐसे में सेटेलाइट के जरिए झील पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है, उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में करीब एक हजार ग्लेशियर मौजूद हैं।

### श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े 37 भारतीय मछुआरे

**रामनाथपुरम, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने और गैरकानूनी तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 37 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया तथा पांच मछली पकड़ने वाली नावों को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार और रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में इन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने रविवार सुबह यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के थंगाचिमादम और रामेश्वरम के रहने वाले हैं। इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने आज दावा किया कि उसने शनिवार की शाम और रविवार की सुबह श्रीलंकाई जलक्षेत्र से भारतीय शिकार करने वाले ट्रॉलरों को खदेड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया था।

### अमित शाह की मौजूदगी में देर रात तक चली बीजेपी की बैठक

## चुनावों को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

**भोपाल, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक मध्यप्रदेश स्तरीय नेताओं की मौजूदगी में देर रात तक चली और इस दौरान विधानसभा चुनाव में पार्टी की विजय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार अपनी तीन दिवसीय यात्रा के पहले दिन श्री शाह शनिवार देर रात जबलपुर और छिंदवाड़ा होते हुए देर रात भोपाल पहुंचे।

वे स्टेट हैंगर से सीधे प्रदेश पार्टी मुख्यालय पहुंचे, जहां भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इन दोनों संभागों में आने वाली विधानसभा की 36 सीटों को लेकर अमित शाह ने विस्तार से फीडबैक लिया। उन्होंने पार्टी के



कथित बागियों से भी चर्चा की और उनकी बात ध्यान से सुनकर उन्हें पार्टी के हित में कार्य करने की सलाह दी।

अमित शाह ने रात्रि विश्राम के बाद सुबह भी पार्टी नेताओं से विधानसभा चुनाव से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। श्री शाह ने शनिवार को दिन में जबलपुर पहुंचकर इसी तरह की बैठक जबलपुर संभाग के पदाधिकारियों के साथ की थी और इस दौरान महाकौशल अंचल की 38 विधानसभा सीटों को केंद्र में रखकर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने इस अंचल के प्रमुख बागियों से स्वयं चर्चा की, ताकि पार्टी को विधानसभा चुनाव के दौरान होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। अमित शाह इसके बाद छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में चुनावी सभा को संबोधित करने चले गए थे। वे देर रात छिंदवाड़ा और जबलपुर की यात्रा के बाद भोपाल पहुंचे और बैठक में शामिल होने के बाद रात्रि विश्राम किया।

सूत्रों ने कहा कि अमित शाह तीन दिन की यात्रा के दौरान राज्य के सभी दस संभागों के तहत आने वालीं 230 सीटों के बारे में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रहे हैं। श्री शाह आज दिन में खजुराहो पहुंचकर वहां एक होटल में सागर संभाग की संभागीय बैठक लेंगे। इसके बाद वे रीवा जिले के झिरिया में रीवा और शहडोल संभाग के पदाधिकारियों की बैठक करेंगे।

देर शाम श्री शाह उज्जैन पहुंचेंगे और महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा के उपरांत श्री शाह उज्जैन संभागीय बैठक में शामिल होकर क्षेत्र की सीटों का फीडबैक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश देंगे।

सूत्रों ने कहा कि अमित शाह अपनी तीन दिन की यात्रा के अंतिम दिन सोमवार 30 अक्टूबर पूर्वान्ह में इंदौर में इंदौर संभाग की संभागीय बैठक को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे ग्वालियर पहुंचकर वहां पर ग्वालियर और चंबल संभागों की संभागीय बैठक में मार्गदर्शन देंगे।

विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 17 नवंबर को है और नामांकनपत्र दाखिले का कार्य कार्य सोमवार यानी 30 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। भाजपा मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगा रही है और केंद्रीय नेतृत्व ने चुनावी अभियान की कमान अपने हाथ में ही ले ली है।

## सभी वर्गों की समुचित भागीदारी के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी: राहुल

**राजनांदगांव, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार को फिर घेरते हुए आज कहा कि सभी वर्गों की हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी है। राहुल गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य बीमा की राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने तथा भूमिहीन श्रमिकों को प्रति वर्ष सात हजार से बढ़ाकर न्याय योजना के तहत 10 हजार रुपए रूपए देने का वादा करते हुए कहा कि देश में जाति की हम बात करते हैं लेकिन कोई नही जानता कि कौन सी जाति की कितनी आबादी है। हम अगर सभी की भागीदारी की बात करते हैं तो यह जानना पड़ेगा कि किसकी कितनी आबादी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 घंटे घंटे ओबीसी ओबीसी की बात करते रहते हैं लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नहीं बोलते। भाजपा के लोग कहते है कि इसकी क्या जरूरत



है। वह फिर भाजपा के ओबीसी सांसदों की बात करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद, मंत्री सरकार नहीं चलाते बल्कि देश को 90 सिग्ररेटी चलाते हैं जिसमें ओबीसी तीन, आदिवासी तीन हैं, क्या इनकी इतनी ही आबादी है। उन्होंने कहा कि देश के बजट का महज पांच प्रतिशत ओबीसी, एक प्रतिशत दलित तथा 0.1 प्रतिशत आदिवासी सिग्ररेटी निर्धारण करते हैं। इस असमानता को दूर करना जरूरी है।

राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी की जितनी भागीदारी होनी चाहिए,नही हैं। प्रधानमंत्री मोदी सच्चाई जानते है, लेकिन उसे छिपाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस के समय में हुई जातीय जनगणना के आंकड़े सरकार के पास जब उपलब्ध हैं तो उसे सार्वजनिक करने में क्या दिक्कत हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में 50 से 55 प्रतिशत ओबीसी की आबादी है। इस वर्ग को अपनी भागीदारी के लिए जागरूक होना पड़ेगा। उन्हें ठगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ओबीसी के लिए बल्कि अडानी के हितों के लिए काम करते है। ओबीसी युवाओं को मोदी से पूछना चाहिए कि उनकी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी क्यों नहीं हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार जैसे आयेगी, देश में जाति जनगणना का काम शुरू हो जाएंगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और राजस्थान में जाति जनगणना का काम शुरू हो गया है, छत्तीसगढ़ में सत्ता में वापसी के बाद यह काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना के बाद पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के प्रगति एवं सर्वागींण विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा।

राहुल गांधी ने लोगों को पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर किए अहम चुनावी वादों को याद दिलाते हुए कहा कि किसानों की ऋणमाफी,2500 रूपए क्विंटल धान की खरीद,बिजली बिल हाफ जैसे वादों को उनकी सरकार ने शपथ लेने के दो घंटे के भीतर पूरा कर दिया,जिसे चुनाव के दौरान मोदी और भाजपा के नेता बोलते थे कि पूरा नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वह जो कहते है वह करते है। राहुल गांधी ने कांग्रेस की सरकार बनने पर केजी से पीजी तक सरकारी स्कूलों कालेजों में निशुल्क शिक्षा देने की कल की घोषणा का फिर उल्लेख करते कहा कि तेदूपत्ता की चार हजार रूपए बोरी में खरीद होगी और प्रति परिवार चार हजार रूपए तेदूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन राशि अलग से दी जायेगी। सभी वनोपज के समर्थन मूल्य में 10 रूपए क्विंटल की वृद्धि की जायेगी।

उन्होंने आज ही सुबह नया रायपुर के पास एक खेत में धान कटाई कर रहे किसानों के बीच जाकर धान कटाई करने का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हे यह जानकर किसानों से खुशी हुई कि पिछले पांच वर्ष में कांग्रेस सरकार ने जितना कुछ किसानों के लिए किया उससे पहले कभी नही हुआ। उनसे जब उस इलाके की जमीन का रेट उन्होने पूछा तो उन्हे जवाब मिला कि कोई कीमत नही क्योंकि कोई जमीन अब बेचना ही नही चाहता। उन्होने लोगो को कर्जमाफी समेत सभी चुनावी वादों को पूरा करने की गारंटी देते हुए कहा कि भाजपा की कई राज्यों में सरकारे है किसी ने किसानों का ऋण माफ नही किया। किसानों के प्रति यह रवैया जबकि 14 लाख करोड़ रूपए अडानी जी जैसे लोगो का माफ कर दिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा नही बल्कि रमन सिंह चुनाव लड़ रहे है।उन्होने लोगो से कहा कि अगर छत्तीसगढ़ की खनिज सम्पद्दा को बिकने से बचना है तो फिर कांग्रेस की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होने दोहराया कि कांग्रेस जो वादे कर रही है उसे हर कीमत पर पूरा किया जायेंगा। यह वादा भाजपा की तरह नही है जिसका वादे कर उसे पूरा नही करने और उसे भुला देने का ट्रैक रिकार्ड है।

## सांसों पर संकट: इस सीजन दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में रविवार के दिन इस सीजन की सबसे प्रदूषित हवा रही। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 325 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई रहा। वहीं, शनिवार के मुकाबले 21 सूचकांक में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 22 अक्तूबर को एक्यूआई 313 दर्ज किया गया था। यह तीसरी बार है जब दिल्ली का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है।

जहांगीरपुरी और नेहरु नगर में वायु सूचकांक औसतन 400 के पार दर्ज किया गया, यह गंभीर श्रेणी में है। वहीं, 22 इलाकों में हवा बेहद खराब और सात इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। साथ ही, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में सर्वाधिक हवा प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 344 दर्ज किया गया। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की



गई। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह तक बनी रहने का अनुमान है।

विशेषज्ञों के मुताबिक मौसम में बदलाव और हवा की गति कम होने और हवा में पराली का धुआं घुलने से दीपावली से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। बता दें दिल्ली में ग्रैप का दूसरा चरण लागू है। अगर इसी तरह की स्थिति बनी रहती है, तो ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया जा सकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में रविवार को 22 इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इसमें जहांगीरपुरी व नेहरु नगर का एक्यूआई सर्वाधिक दर्ज किया गया। यहां वायु सूचकांक 412 व 403 दर्ज किया गया।

## सीता का हुआ स्वयंवर, जयकारों से गूंजा पंडाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नयारघाटी सतपुली में रामलीला का मंचन के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान सतपुली जगदम्बा डंगवाल रहे।

तृतीय दिवस की लीला का शुभांरभ राजकीय कन्या हाईस्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आरती से हुआ। लीला ताड़का बध से शुरु हुई जिसके बाद सीता स्वयंवर में देश विदेश के राजाओं ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। जिसके बाद रावण बाणासुर संवाद को दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में प्रभु श्री राम ने शिव धनुष का चिल्ला चढ़ाकर सीता माता से स्वयंवर के किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मनीष रौतेला, प्रबंधक जयदीप नेगी, निर्देशक सुनील डंडरियाल, होशियार सिंह, बालेश्वर चौधरी, गंगा सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह रावत, लोकेश वर्मा, मीना लिंगवाल, इंदु जुयाल, मुन्नी देवी, सत्यनारायण वेदी, डब्बल मियां आदि शामिल रहे।

# लाखों की लागत से शौचालय की हुई मरम्मत, चंद सप्ताह में ही खुली पोल

### करीब पांच लाख रुपये की धनराशि से प्रेक्षागृह में की गई थी शौचालय की मरम्मत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम जनता के पैसों को किस तरह बर्बाद कर रहा है। इसका अंदाजा हाल ही में करीब पांच लाख की धनराशि फूंक की गई शौचालय की मरम्मत को देख लगाया जा सकता है। कुछ सप्ताह पूर्व नगर निगम ने जब इस शौचालय को आमजन के लिए खोला तो शौचालय की हालत बदहाल नजर आई। शौचालय के प्रवेश द्वार के समीप छत पर रखी टंकियों से पानी बाहर गिर रहा है। शौचालय में पानी की निकासी के लिए भी बेहतर व्यवस्था नहीं बनाई गई है। नतीजा, लाखों फूंकने के बाद भी आमजन को इस सार्वजनिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा।

बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में बने सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत के लिए 4.97 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे।

**मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति**

नगर निगम में बने शौचालय की स्थिति पहले के जैसे ही बनी हुई है। शौचालय में मरम्मत के नाम पर केवल नई टाइल्स व अन्य सामान ही बदला हुआ नजर आ रहा है। जबकि, बरसात के समय आमजन को भीगने से बचने के लिए शौचालय में किसी तरह की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि, नगर निगम शौचालय में बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के दावे कर रहा था।

करीब आठ माह पूर्व मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद भी शौचालय पर ताले ही लटके रहे। ऐसे में प्रेक्षागृह के आसपास रहने वाले व्यापारियों की शिकायत के बाद नगर निगम ने एक सप्ताह पूर्व ही शौचालय के गेट पर लगे तालों को खोला। लेकिन, ताले खुलने के चंद दिन बाद ही मरम्मत कार्य की पोल खुल गई।



कोटद्वार के प्रेक्षागृह में शौचालय की छत में लगी टंकियों से पानी बहने के कारण छह में आई सीलन

शौचालय की छत पर रखी टंकियां लीक होने से पूरे दिन पानी बह रहा है। ऐसे में आमजन को टाइल्स में फिसलने का डर बना हुआ है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद शौचालय की सफाई नहीं करवाई गई। जिससे पानी के निकासी के स्थान पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

## प्रतिदिन होगा गीता के 12 वें अध्याय का पाठ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गोविंद नगर स्थित गीता भवन मंदिर में श्री कृष्ण परिवार की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रतिदिन सायं छह बजे गीता जी के 12वें अध्याय(भक्ति योग) का सामूहिक पाठ करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर दामोदर भगवान की सुंदर झांकी भी सजाई जाएगी।

पंडित राम प्रकाश शर्मा ने कहा कि कार्तिक मास भगवान को बहुत ही प्रिय है। इस मास में भगवान कृष्ण ने बहुत लीलाएं की थी। कार्तिक मास में भगवान दामोदर लीला करके भक्त के वात्सल्य प्रेम में बंध गए थे। मां कार्तीदा की पुत्री कार्तिक्या (राधा रानी) के नाम से इस माह का नाम कार्तिक मास पड़ा। इसलिए कार्तिक मास में भगवान कृष्ण की भक्ति करने, गीता जी के भक्ति योग का पाठ करने व दीप दान करने से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सामूहिक पाठ में बड़ी संख्या में भक्तों के सम्मिलित होने की उम्मीद है।

सामूहिक पाठ पूरे माह चलेगा। इस मौके पर सुधा अग्रवाल, लक्ष्मी गर्ग, पूजा लड्ढा, लक्ष्मी कर्णवाल, अंजली अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, सीमा गोयल, पूनम जैन, मुक्ता अग्रवाल, सुमित गोयल, हरीश नारंग, रमेश सिंघल, संदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विनय शर्मा, शशि शर्मा मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताएं 15 दिसंबर से

**कोटद्वारः** राजकीय ऐतिहासिक पौराणिक गेंद मेला सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति की ओर से 15 दिसंबर से खले प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में मेले को भव्य रुप से मनाने का निर्णय लिया गया है। विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट, फुटबाल, वालीबाल, मैराथन दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# राष्ट्र की असली ताकत हैं महिलाएं: साध्वी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** योग गुरु रामदेव बाबा की शिष्या डा.साध्वी देवी प्रिया ने कहा कि महिलाएं राष्ट्र की असली ताकत है। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों को योग से निरोग रहने की सीख भी दी।

रविवार को देवी रोड स्थित एक बारात घर में महिला पतंजलि योग समिति की ओर से महासम्मेलन किया गया। महासम्मेलन का आरंभ मुख्य अतिथि महिला पतंजलि योग समिति की मुख्य केंद्रीय प्रभारी डा. साध्वी देवप्रिया और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है। महिलाएं किसी भी समाज की आधी आबादी है बिना इन्हें साथ लिए कोई भी समाज अपनी सम्पूर्णता में बेहतर नहीं कर सकता है। कहा कि समाज में माँ, बहिन व बेटी के रूप में महिला सहनशक्ति का प्रतीक हैं। महिलायें प्रसव की भारी वेदना भी आसानी से दुर्गा देवी के सौम्य रूप के जैसे सह सकती है लेकिन उत्पीड़न होने पर माँ काली का रूप भी धारण कर सकती है। सम्मेलन को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि योगपीठ देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में महिला सशक्तीकरण पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण तभी हो सकता है ज़ब राष्ट्र की महिलाएं सशक्त हों।

कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी सीमा जौहर, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शोभा रावत, सोनिया ध्यानी, अनीता रावत, आरती खंतवाल, अनीता कंडारी, विकास देवरानी, जयवीर सिंह रावत, शिवानंद लखेड़ा, अमित नेगी, आशा थपलियाल, सुरजी बिष्ट, वंदना थपलियाल, लक्ष्मी नेगी, लक्ष्मी रावत, कुसुम ध्यानी, उर्मिला नैथानी और अनीता भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।




आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती साध्वी डा.देवप्रिया

**धूमधाम के साथ नगर में निकाली शोभायात्रा**

**पौड़ीः** नगर पंचायत सतपुली में वाल्मीकि जयंती पर अखिल भारतीय नवयुवक संघ द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। रविवार को शोभायात्रा में शामिल संघ के लोगों ने करतब दिखाने के साथ महर्षि वाल्मीकि के जयकारे लगाए। सतपुली बाजार में सैकड़ों की संख्या में वाल्मीकि समाज के महिला और पुरुष शोभायात्रा का हिस्सा बने। इस अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि नवयुवक संघ के अध्यक्ष सुरेश वेद, सुरेश गोदियाल, राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, विकास कुमार, अनुज, बलजीत सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस की चाक–चौबंद व्यवस्था रही।

## पीआरडी के जवानों ने उठाई मांग, जल्द समस्याओं का करें निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन की बैठक में पीआरडी जवानों के हितों को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर नई कार्यकारिणी विस्तार को लेकर पदाधिकारियों में भी विस्तार से चर्चा की गई। रविवार को ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम भारती ने कहा कि पीआरडी जवानों के मानदेय से 570 रुपये प्रतिमाह की कटौती होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई हैं।

कहा कि किसी पीआरडी जवान की 25 साल की सेवा के दौरान प्रतिमाह 570 की राशि काटी जाएगी तो वह राशि कुल मिलाकर 1.70 लाख होगी। जबकि शासनादेश के अनुसार कटौती की गई राशि से उन्हें आयु अधिवर्षता पर महज एक लाख ही वापस मिलेंगे। कहा कि इसे सरकार को तुरंत बदलना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने जिला स्तर में पीआरडी के दो संगठन होने पर भी चिंता जताई। बैठक में 5 नवंबर को होने वाले प्रदेश कार्यकारिणी के चुनावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि नई कार्यकारिणी बनने के बाद संगठन की मांगों को शासन से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव अनूप सिंह, संपूर्णानंद नौडियाल, अर्जुन सिंह, बिजेंद्र सिंह, संजय सिंह, संजय कुमार, कैलाश चंद्र, मनोज आदि शामिल रहे।

# शादियों के सीजन में बढ़ी यात्रियों की संख्या, बस के लिए मारामारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शादियों के सीजन में अचानक यात्रियों की संख्या में इजाफा हो गया है। नतीजा बस में सीट के लिए लोगों में मारामारी देखने को मिल रही है। वाहनों की तलाश में यात्री इधर से उधर भटकते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि रोडवेज की ओर से कई रूटों पर अतिरिक्त बसें भी चलवाई जा रही हैं।

कोटद्वार को गढ़वाल का द्वार कहा जाता है। यही कारण है कि यहां से हर रोज सैकड़ व्यक्ति मैदान व पहाड़ की यात्रा पर रवाना होते हैं। इन दिनों शादियों का सीजन होने से यह संख्या बढ़ गई है। सुबह से ही बस स्टेंड में यात्रियों की भारी भीड़ नजर आ रही है।

कई रूटों पर बसों की तलाश में यात्रियों को इधर–उधर भटकना पड़ रहा है। रिखणीखाल निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह सुबह सात बजे दिल्ली से कोटद्वार पहुंच गए थे। लेकिन, नौ बजे तक भी उन्हें अपने गांव के लिए बस नहीं मिली। बस स्टेंड में आते ही सीटें फुल हो जा रही थी। दिल्ली रूट पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों की संख्या बढ़ाई जा रही थी।



कोटद्वार में बस के इंतजार में खड़े यात्री

## लोकसभा चुनाव में गढवाल सीट पर होगी कांग्रेस की जीत

**पौड़ीः** कांग्रेस नेता एवं पूर्व आईएएस सुंदरलाल मुयाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। कहा कि इस बार गढ़वाल लोकसभा सीट में वर्तमान सांसद तीरथ सिंह रावत की वजह से भाजपा चुनाव हारेगी और कांग्रेस जीतेगी।

रविवार को पौड़ी में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता सुंदरलाल मुयाल ने कहा कि धर्म व जाति के नाम पर देश को बांटा जा रहा है। केंद्र सरकार ने आनन फानन में संसद का विशेष सत्र बुलाते हुए महिलाओं को लुभाने के लिए महिला आरक्षण बिल पेश किया। कांग्रेस के पक्ष में बन रहे माहौल को बिगाड़ने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में कांग्रेस भारी बहुमत से जीतेगी। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी भी दावेदारी है। उनको टिकट मिलने पर वे पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। कहा कि अब परिवर्तन का समय का गया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे प्रदेश में भारी बहुमत से जीतेगी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, जिलाध्यक्ष सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र रावत, नगराध्यक्ष भरत सिंह, गोपाल नेगी आदि शामिल रहे।

## कर्मचारियों ने नियमितिकरण की उठाई मांग, देहरादून कूच की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन (इंटक) की बैठक में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन व मंहगाई भत्ता देने की मांग उठाई गई। संगठन ने मांगों का एक हफ्ते में हल नहीं होने पर 6 नवंबर से देहरादून ऊर्जा भवन का घेराव करने की चेतावनी दी है।

रविवार को प्रदेश सह सचिव रामस्वरूप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर उच्चाधिकारियों और सरकार से अनुरोध कर रहा है लेकिन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। कहा कि महंगाई भत्ते को लेकर पूर्व में आदेश तो जारी हुआ लेकिन 24 घंटे के भीतर रही उसे वापस ले लिया गया। जिससे संगठन में आक्रोश बना हुआ है। कहा कि कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि अब संगठन आर पार की लड़ाई लड़ेगी। जिसको लेकर आगामी 6 नवंबर को ऊर्जा भवन का घेराव किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से शामिल होने का आह्वान भी किया। बैठक में मुकेश सिंह, सुमन थपलियाल, रवींद्र सिंह, धर्मानंद, दीनदयाल बुटोला, हरेंद्र सिंह, चंदन सिंह, सुनील कुमार, अमित बहुगुणा आदि शामिल रहे।

## छात्र–छात्राओं ने सुकना झील का शैक्षणिक भ्रमण किया

विकासनगर। नई शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। देवभूमि उत्तराखंड के साथ ही चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों पर घूमकर छात्रों ने जानकारी डायरी में एकत्र की। कक्षा तीन से आठ तक के नौनिहालों को मालसी डियर पार्क, बुद्ध टेंपल, आनंद वन का भ्रमण कराया। कक्षा नौ से कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं को गुरुद्वारा नाडा साहिब, रॉक गार्डन, सुखना झील चंडीगढ़ का भ्रमण कराया गया।

## पांच साल में डोईवाला में हुए करोड़ों के विकास कार्यः रविंद्र राणा

ऋषिकेश। भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस नेता अधूरे ज्ञान के चलते अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। डोईवाला विधानसभा में हरिद्वार सांसद ने करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए हैं। बीती शनिवार को कांग्रेस नेता गौरव चौधरी ने प्रेस वार्ता कर हरिद्वार सांसद पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने क्षेत्र में पांच साल में कोई विकास कार्य नहीं कराया है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा करोड़ों की योजनाएं धरातल पर उतारी गई हैं। कांग्रेसी और उनके कार्यकर्ताओं का अधूरा ज्ञान है। डोईवाला विधानसभा में 680.20 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हुए हैं। डोईवाला में सिपेट के निर्माण के लिए 3.42 करोड रुपये और 1.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति से कार्य पूर्ण करवाया गया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 368 करोड़ रुपये, नए टर्मिनल के लिए 457 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय मार्ग पर काली मंदिर और सात मोड पर साइलेंस और फुटपाथ पर सड़क सुधार कार्यों के लिए 380.50 लाख दिए गए। विशेष केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत डोईवाला में चांडी प्लांटेशन सड़क चौड़ीकरण हेतु 509.06 लाख, डोईवाला– दूधली–मोथोरोवाला मार्ग, बुल्लावाला मार्ग, मेजर शहीद दुर्गा मल्ल मार्ग, डोईवाला रेलवे फीडर मार्ग के सतह सुधार कार्य के लिए 303 लाख रुपये मंजूर किए गए। इसके अलावा भी कई कार्यों के लिए बजट स्वीकृत किया है। अल्पसंख्यक विकास निधि योजना व अल्पसंख्यक बहुमूल्य विकास योजना के तहत डोईवाला में करोड़ों रुपये के कार्य को हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने धरातल पर उतारा है। पूर्व राज्य मंत्री करन बोहरा और जिला महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि कांग्रेस हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की कार्य शैली से घबरा रही है। वह डोईवाला में हुए विकास कार्यों को पचा नहीं पा रही है।

## स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृति छटा

**कोटद्वारः** सेंटपॉल कॉन्वेंट स्कूल, सतपुली का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सतरंगी छटा बिखेरी। इस मौके पर शैक्षणिक एवं सहगामी गतिविधियों के मेधावी छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कैथोलिक डायसिस ऑफ बिजनौर/गढ़वाल के बिशप विंसेंट नेल्लाई परंबिल ने किया। उन्होंने कहा कि सेंटपॉल स्कूल क्षेत्र में उच्च स्तर की शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के प्रबंधक फादर सबस्टिन ने विद्यालय के संचालन में सभी अभिभावकों एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग के लिए उनका आभार जताया। प्रधानाचार्य सिस्टर जैसलीन ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद बच्चों की गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी, हिंदी और अंग्रेजी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियों पर दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे। इस मौके पर थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवाड़ी, उपनिरीक्षक प्रियंका नेगी, महेश मिश्रा, विनोद घिल्डियाल, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सृष्टि राजपूत ने जीता मिस ऋषिकेश का खिताब

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया। मेले में बच्चों और युवाओं ने झूलों और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया। सृष्टि राजपूत ने मिस ऋषिकेश का खिताब जीता। भरत मंदिर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने दीपावली मेले का आयोजन किया। इसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं। इस प्रका के मेले संस्कृति, एकता और महोत्सव के महत्व के प्रति जागरूकता का संदेश देते हैं। मेले में क्षेत्र के युवाओं ने रैंप पर जलवा बिखेरा। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मेले में लगे झूलों और विभिन्न प्रकार के स्टॉल में सजे लजीज व्यंजनों को लुफ्त लोगों ने उठाया। इस दौरान मेले में मिस ऋषिकेश प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। इसमें युवतियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। सृष्टि राजपूत ने मिस ऋषिकेश का खिताब जीता। आशी धीमान दूसरे व आकांक्षा असवाल तीसरे स्थान पर रहीं।

## महिलाओं को स्वच्छता व स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक

ऋषिकेश। ह्यूमन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने पीरियड्स स्वच्छता और स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके जरिए महिलाओं को स्वच्छता और स्तन कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। रविवार को ह्यूमन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से भानियावाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक देहरादून सीआरपीएफ भानु प्रताप सिंह और नवज्योति आई अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. देवांशु अरोड़ा ने किया। संस्था के सदस्य डॉ. सौरभ तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में स्तन कैंसर की समस्या बढ़ती जा रही है। स्तन कैंसर का इलाज संभव है और यह अब जवान महिलाओं को भी हो रहा है। जब स्तन में कोई गांठ बन जाती है और उसमें दर्द नहीं होता, तो चिकित्सक से सलाह ले लेनी चाहिए। यह स्तन कैंसर का लक्षण हो सकता है। स्तन कैंसर ज्यादात्तर तब होता जब महिला को देरी से बच्चा पैदा हो, जिनको महावारी देरी से या जल्दी आती है। कहा कि अब महिलाएं भी धूम्रपान और शराब का सेवन करने लगी है, उसकी वजह से महिलाओं को कैंसर की समस्या आ रही है। कार्यक्रम में लड़कियों और महिलाओं को महावारी और स्तन कैंसर के लिए जागरूक रहने को कहा गया। इस दौरान महिलाओं को सैनेट्री पैड वितरित किए गए। मौके पर संस्था की महासचिव पदाजा झा, पीपी ठाकुर, पीसी झा, भूपेश सिंह, महेश सिंह, माधुरी उमंग आदि उपस्थित रहे।



# एबीवीपी के मैनिफेस्टो में कैंटीन, वाईफाई और हॉस्टल का वादा



हल्द्वानी। सात नवंबर को प्रस्तावित छात्रसंघ चुनाव में मजबूत दावेदारी को लेकर एबीवीपी ने मैनिफेस्टो (घोषणापत्र) जारी कर दिया है। कॉलेज में छात्र–छात्राओं के लिए कैंटीन, वाईफाई, हॉस्टल बनवाने के वादे के साथ–साथ विवि स्तर पर परीक्षा परिणाम का कैलेंडर जारी करवाने का वादा किया गया है। नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने मैनिफेस्टो का पोस्टर लॉन्च किया।

एमबीपीजी कॉलेज में एबीवीपी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी सूरज रमोला ने कहा कि यदि वे चुनाव जीतते हैं तो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप लाइब्रेरी में हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में किताबें उपलब्ध कराना, वाई फाई युक्त डिजिटल कक्षाओं का संचालन कराना, दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र–छात्राओं को ई–पुस्तकालय की सुविधा देना, छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम बनवाना, सेनेटरी वेंडिंग मशीन की उपलब्धता आदि उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी।

छात्र–छात्राओं के लिए बस और ऑटो में सफर के लिए निशुल्क पास बनवाए जाएंगे। छात्र–छात्राओं को समय–समय पर शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। वहीं, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के प्रत्याशी गौरव कांडपाल ने कहा कि परीक्षा परिणाम समय पर जारी कराने के लिए कैलेंडर जारी कराया जाएगा।

## दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं कार्यकर्ता: पंत

काशीपुर। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को उसे मिले दायित्वों को ईमानदारी से निभाना चाहिए। रविवार को रतन सिनेंमा रोड स्थित भाजपा नेता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे श्रम संविदा बोर्ड अध्यक्ष कैलाश पंत का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पंत ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी है। इसमें कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की अच्छी सोच से हम कार्य करते हैं और सत्ता में आते हैं। कार्यकर्ता एक चुनाव के बाद दूसरे चुनाव की तैयारी में जुट जाता है।

# निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू की

चम्पावत। जिला प्रशासन ने निकाय चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण किया जाएगा। संगणक घर–घर जाकर गणना और सर्वेक्षक कार्य करेंगे। फरवरी में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। चम्पावत जिला प्रशासन निकाय चुनाव को लेकर सक्रिय हो गया है। डीएम, जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि समय सारणी के अनुसार निकाय की निर्वाचक नामावली का विस्तृत पुनरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो से छह नवंबर तक जिले में निकायवार विस्तृत पुनरीक्षण के लिए संगणकों, पर्यवेक्षकों और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति व कार्य क्षेत्र का आवंटन किया जाएगा। सात और आठ नवंबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 14 नवंबर से आठ दिसंबर तक संगठन घर–घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करेंगे। नौ से 13 दिसंबर तक प्रारूप नामावली की पांडुलिपि तैयार की जाएगी। 14 दिसंबर से सात जनवरी तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की डाटा एंट्री की जा सकेगी। आठ जनवरी को का निर्वाचक नामावलियों के आलेख का प्रकाशन किया जाएगा। नौ से 15 जनवरी तक निर्वाचक नामावली के आलेख्य के निरीक्षण, दावे और आपत्ति की जा सकेगी। 16 से 22 जनवरी तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण होगा। पूरक सूचियों की डाटा एंट्री का कार्य 23 जनवरी से एक फरवरी तक होगा।

## महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति की प्रतिष्ठा हुई

चम्पावत। चम्पावत में महर्षि वाल्मीकि का मंदिर बनाया गया है। धार्मिक अनुष्ठान के बीच महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान भंडारे में सैंकड़ों ने प्रसाद ग्रहण किया। चम्पावत जिला अस्पताल के पास महर्षि वाल्मीकि का मंदिर बनाया गया है। मेलाकोट निवासी रवींद्र तड़ागी ने मंदिर के लिए जमीन दान दी है। साथ ही मंदिर बनाने में भी सहयोग किया है।

# एसएसबी गुरिल्ले राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड श्रीनगर के कार्यालय में देंगे धरना

अल्मोड़ा। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी एवं संगठन के जिलाध्यक्ष शिवराज ने प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में बताया है कि 3 नवम्बर को एसएसबी गुरिल्लों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड श्रीनगर के कार्यालय के प्रांगण में धरना दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि, एसएसबी गुरिल्लों द्वारा उक्त खंड के अधिशासी अभियंता को दो सप्ताह पूर्व पत्र लिखकर आउट्सोर्स के माध्यम से सड़कों के रखाव हेतु रखे जाने वाले मेट बेलदारों की नियुक्ति में वहां कार्यरत ठेकेदारों द्वारा गुरिल्लों को प्राथमिकता न दिये जाने की शिकायत की थी किन्तु अधिशासी अभियंता द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की, जबकि उत्तराखंड सरकार के एक शासनादेश में यह स्पष्ट प्रावधान है कि अधिशासी अभियंता गुरिल्लों को उक्त नियुक्तियों में प्राथमिकता देना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि शिकायत की प्रति जिलाधिकारी पौड़ी तथा जिलाधिकारी टिहरी को भी भेजी गई थी लेकिन अभी तक किसी के द्वारा कार्यवाही की कोई जानकारी संगठन को नहीं दी गयी है। इसके अलावा पौड़ी जनपद लोक निर्माण विभाग के अनेक खंडों द्वारा विगत वर्षों का अनेक गुरिल्लों का अनेक माहों का भुगतान नहीं किया है।

अनेक ठेकेदारों द्वारा पीएफ की धनराशि श्रमिकों को नहीं लौटाई जा रही है इसलिए 3 नवंबर को धरना दिया जाएगा।

यदि आवश्यकता पड़ी तो धरना 4 नवंबर को भी जारी रहेगा। कार्यवाही न होने की स्थिति में धरने के दौरान ही गुरिल्लों की गढ़वाल मंडल के पदाधिकारियों की बैठक कर आन्दोलन की आगे की रणनीति भी तय की जाएगी।

## नैनीताल में पर्वतारोहण शिविर संपन्न

नैनीताल। नैनीताल पर्वतारोहण क्लब के तत्वावधान में नैनीताल के बारापत्थर में चल रहे पांच दिवसीय शिविर का समापन हो गया। शिविर के दौरान स्कूली बच्चों को पर्वतारोहण का प्रशिक्षण दिया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होली एंजेल स्कूल की प्रधानाचार्य माधुरी बिग रहीं। उन्होंने शिविर की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए नया अनुभव करार दिया। पर्वतारोहण शिविर में सभी विद्यालयों के कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्लब के सचिव अनित शाह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बच्चों की सहूलियत के लिए पूरे महीने में छुट्टी के दिन यानी रविवार को प्रशिक्षण दिया गया।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बेस्टरनर्स संस्था ने प्रदान की सिलाई मशीन




अल्मोड़ा। अमेरिका के बेस्टरनर्स संस्था द्वारा 12 महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई। इन महिलाओं का चयन जागरूक समाजसेवियों द्वारा जरूरत के आधार पर किया गया था।

यह कार्यक्रम स्नेह प्रवाह समूह के अंतर्गत जया पांडे व सहयोगियों द्वारा आयोजित था एवं इस हेतु अल्मोड़ा निवासी व अमेरिका में कार्यरत वरिष्ठ इंजीनियर मनोज बिष्ट द्वारा बेस्टरनर्स के सहयोग से वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। नगर के शिखर होटल में आयोजित कार्यक्रम में बेस्टरनर्स के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित डॉ. कपिल नयाल ने बताया कि सिलाई मशीन देने का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान को सफल बनाने का आह्वान




हल्द्वानी। भारतीय युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक हबीला ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान की कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से की गई। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पूर्वजों को याद करना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं व जनता से अपील की।भाजपा कार्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता में कार्तिक हबीला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 31 अक्तूबर कर्तव्य पथ पर ह्यमेरी माटी मेरा देश अभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। अमृत कलश यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में पूरे के 766 जिलों के 7,000 प्रखंडों से 20 हजार से अधिक प्रतिनिधि अपने साथ 8,000 से अधिक अमृत कलश लेकर पहुंचेंगे। इसी क्रम में 31 अक्तूबर को 200–250 युवा, वीरों को नमन करते हुए पवित्र मिट्टी लेकर दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## मन की बात कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है: कैड़ा

हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को भीमताल मंडल के अमृतपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 106वां संस्करण कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

विधायक कैड़ा ने कहा, मन की बात कार्यक्रम सभी को अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने दीपावली पर लोगों से स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की। इस दौरान प्रधान डीके शर्मा, चिराग बोरा, पंकज मेहरा मौजूद रहे।

# शहरी क्षेत्र में छह घंटे बिजली कटौती से लोग हुए परेशान



हल्द्वानी। ऊर्जा निगम की ओर से मेंटेनेंस के नाम पर रविवार को भी कटौती जारी रही। जिससे शहरी क्षेत्र में लोगों को करीब छह घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साल भर लोगों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। खपत बढ़ने व खराब मौसम को विभाग इसके लिए जिम्मेदार ठहराता है। हर माह रोस्टिंग के नाम पर घंटों कटौती भी की जाती रही। वहीं अब लाइन मेंटेनेंस के नाम पर लगातार कटौती की जा रही है। रविवार को सुभाष नगर बिजलीघर से जुड़े दो फीडर दिन भर बंद रहे। सुबह 10 बजे से राजपुरा व तिकोनिया फीडर से गुल बिजली शाम करीब चार बजे बहाल हो सकी। बिजली कटौती से लोगों को छह घंटे परेशानी झेलनी पड़ी। ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी नीरज पांडे के अनुसार सप्लाई बेहतर करने को लाइन मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। कटौती की सूचना उपभोक्ताओं को पूर्व में दे दी थी। काम पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# लाईसेन्सी पिस्टल चोरी का अल्मोड़ा पुलिस ने 4 घंटे के भीतर किया खुलासा, 2 गिरफ्तार



अल्मोड़ा। घर से लाईसेन्सी पिस्टल चोरी के मामले का अल्मोड़ा पुलिस ने 04 घंटे के भीतर खुलासा किया है। शनिवार, 28 अक्टूबर को अल्मोड़ा राजपुरा निवासी नीरज पंवार ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी कि 27 अक्टूबर को उसके घर से उसकी लाईसेन्सी पिस्टल एक जिंदा कारतूस सहित चोरी हो गई है। तहरीर पर कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए धारा 380 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गयी। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा गंभीर श्रेणी के इस मामले का तत्काल संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को शीघ्र चोरी का खुलासा कर संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार के नेतृत्व में चोरी का खुलासा हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी–पतारसी से सूचना संकलित कर पिस्टल व कारतूस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त सुमन कुमार (20 वर्ष) पुत्र रामायण महतो व दीपक कुमार(20 वर्ष) पुत्र ललन महतो दोनों निवासी पश्चिमी चम्पारण, बिहार, हाल निवासी नियाजगंज को शनिवार को ही एफआईआर दर्ज होने के 04 घंटों के अंदर बेस तिराहा, लोधिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी की लाईसेन्सी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद कर पंजीकृत एफआईआर में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार प्रभारी चौकी धारानौला, कांस्टेबल योगेश गोस्वामी, कांस्टेबल हिमांशु, चौकी धारानौला, कोतवाली अल्मोड़ा से शामिल रहे।

## वाहन चालक महासंघ ने आंदोलन को चेताया

हल्द्वानी। राजकीय वाहन चालक महासंघ की रविवार को विकास भवन परिसर में जिला स्तरीय बैठक हुई।

जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन के नए भवन का शिलान्यास पूर्व जिलाध्यक्ष हीरा रावत ने किया।

संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने बाद ग्रेड पे बढ़ाने, 15 साल पुराने वाहनों की जगह नए वाहन खरीदकर देने, रिक्त पदों पर नियुक्ति व संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग की गई। साथ ही जल्द मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में जिला मंत्री प्रदीप रावत, मोहन नयाल, नासिर खान, रमेश लाल, संजय कुमार, उमेश चंद्र, दिनेश तिवारी, भगवत सिंह बोरा रहे।

# अनियमितता का आरोप पर विकास कार्यों की जांच शुरू

रुद्रपुर। शक्तिफार्म के ग्राम अरविंद नगर में हुए विकास कार्यों की टीम ने जांच शुरू कर दी है। गांव के आरटीआई कार्यकर्ता निखिलेश घरामी की शिकायत पर डीएम ने तीन अधिकारियों की टीम का गठन किया है। निखिलश घरामी ने डीएम, सीडीओ को पत्र भेजकर अरविंद नगर में वर्ष 2020 से अगस्त 2021 के मध्य लगाए गए हैंडपम्पों, स्ट्रीट लाइट, बेंच, नाली व सीसी रोड निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है। निखिलेश के अनुसार हैंडपम्पों में गहराई अधिक दिखाते हुए सरकारी धन की बंदरबांट की गई है। एमबी में ट्रांसपोर्ट चार्ज दर्शाया गया है। 2.5 किग्रा का पीवीसी पाइप लगाया गया है, जबकि 6 किग्रा की एमबी बनाई गई है। आरोप लगाया कि स्ट्रीट लाइट का पैसा फर्जी बिलों से निकाला गया है। सड़कों के निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई। आरोप लगाया कि पीएम आवास योजना में भी भ्रष्टाचार किया गया है। शिकायत पर डीएम ने 17 अक्तूबर को कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रुद्रपुर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें सहायक जिला पंचायतराज अधिकारी व कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग सितारगंज को सदस्य बनाया है। जांच कमेटी ने शनिवार को जांच शुरू कर दस्तावेजों का निरीक्षण किया। जांच टीम ने बयान भी दर्ज किए। शिकायतकर्ता निखिलेश ने बताया कि उन्होंने सभी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति की कॉपी जांच टीम को सौंपी है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर। खटीमा में चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान आरोपी रिजवान उर्फ हाका निवासी मनिहार गोठ थाना टनकपुर जिला चम्पावत को गिरफ्तार किया गया।

# प्रमोशन तो मिला लेकिन पदनाम आज तक नहीं: फार्मासिस्ट

हल्द्वानी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड की नैनीताल इकाई के द्विवार्षिक अधिवेशन के दौरान फार्मासिस्टों के पद बढ़ाने और पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से सहमति प्राप्त व्यवस्थाओं को लागू करने की मांग उठाई गई। साथ ही पदनाम में बदलाव करने की भी मांग उठी। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। रविवार को लालडांठ रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में अधिवेशन की शुरुआत मुख्य अतिथि मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊं मंडल डॉ. तारा आर्या, सीएमओ डॉ. भागीरथी जोशी और संगठन के प्रदेश महामंत्री आरएस ऐरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री ने प्रमुख तौर पर फार्मासिस्टों के पदों में बढ़ोतरी करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की अन्य इकाइयों की तरह फार्मासिस्ट की पदोन्नति तो की गई लेकिन आज तक न तो नए पदनाम मिले और न ही बढ़ा हुआ वेतन। संगठन के पदाधिकारियों ने फार्मासिस्टों की तत्परता और जागरूकता का उदाहरण देते हुए जल्द मांगों को पूरा करने की मांग रखी। इसके बाद निदेशक स्वास्थ्य विभाग और मेयर को आठ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष गोकुल मेहता, प्रांतीय संगठन मंत्री जगदीश पाठक, प्रांतीय कोषाध्यक्ष केआर आर्या, जिलाध्यक्ष एनके आजाद, जिलामंत्री नंदन गोस्वामी, उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, फार्मासिस्ट एसो. के मंडलीय अध्यक्ष आरएस अधिकारी और मंडलीय सचिव डीके जोशी आदि मौजूद रहे।

## यशपाल आर्य के चुनाव लड़ने का स्वागत

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य ने नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट से अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। जिसका वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भुवन तिवारी व अन्य कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तरह उनके साथ हैं। इस दौरान पूर्व प्रधान दिनेश तिवारी, शुभम भगत, दीपक साह, पवन भट्ट, विजय कुमार, रुचिर साह आदि रहे।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तिथियां तय

बागेश्वर। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेश-क प्रो. दुर्गेश पंत एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सोन के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की तिथियां तय हो गई है। विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता 31 अक्टूबर होगी। विकास खण्ड गरुड़ की प्रतियोगिता खोलिया विवेकानंद इंका, कपकोट की विवि मंदिर हिचौड़ी तथा बागेश्वर की विविमं मंडलसेरा में होगी। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के मुख्य विषय. स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तन्त्र को समझना है। इसके साथ ही उपविषय अपने पारिस्थितिकी तंत्र को जानें, स्वास्थ्य पोषण एवं कल्याण को बढ़ावा देना,पारिस्थितिकी तंत्र एवं स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक अभ्यास, स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार में समूह प्रमुख बाल वैज्ञानिक अपने शोध अनुभव पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# प्रधानाध्यापक के रिक्त पदों की जानकारी मांगी



बागेश्वर। राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की यहां आयोजित बैठक में विद्यालयवार रिक्त प्रधानाध्यापक के पदों का विवराण देने की मांग की है। इसके अलावा एरियर देयकों का जल्द भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जताई है। साथ ही कनिष्ठ व वरिष्ठ प्रकरणों का जल्द समाधान की मांग प्रमुखता से उठाई। इस आशय का एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजा। पिंडारी मार्ग स्थित प्रकटेश्वर मंदिर में रविवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाध्यापकों को पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। जिस कारण स्कूल में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने विभाग से स्कूलवार रिक्त पदों की संख्या मांगी है। वक्ताओं ने कहा कि तीनों विकास खंड में कर्मचारियों को लंबे समय से एरियर का भुगतान नहीं हुआ है। जल्द भुगतान करने की मांग की गई। पानी और बिजली के बिलों का भुगतान समय पर करने की मांग की है। बिल समय पर जमा नहीं होने पर विभाग कनेक्शन काटने की कार्रवाई करता है। इससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी होती है। वर्ष 2011 से 13 तक भुगतान किए गए आयकर नोटिस का निस्तारण करने की मांग की गई। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस मौके पर रमेश रावत, भुवन भट्ट, ललित जोशी, महेश जोशी, संतोष दफौटी, हरीश थापा, आंनद जोशी, गोपाल प्रसाद, प्रताप दानू, मान सिंह कोरंगा, पीसी भट्ट, हुकुम सिंह आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय भागीरथी स्पोर्ट्स व कल्चरल फीस्ट का हुआ शुभारंभ



नई टिहरी। प्रदेश वन विभाग का पहली बार प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय भागीरथी स्पोर्ट्स व कल्चरल फीस्ट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने रंग–बिरंगे गुब्बारों व सफेद कबूतरों को उड़ा कर किया। मलिक ने इस मौके पर मौजूद विभाग के कार्मिकों व खिलाड़यों को माई लाईफ की शपथ भी दिलाई। नई टिहरी के गांधी बौराड़ी स्टेडियम में रविवार को भागीरथी वृत के तहत वन खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। वन महकमें के कार्मिकों के खेलों के मौके पर प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक ने कहा कि पीएम मोदी की इंडिया फीट और लाइफ थीम के तहत खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसे सभी कर्मी व अधिकारी अपने जीवन का हिस्सा बनाए। इससे जीवन में संतुलन, पर्यावरण संरक्षण और अनुशासन के शारीरिक क्षमता का विकास होगा। भागीरथी वृत के वन संरक्षक व कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष धर्म सिंह मीणा ने खेलों में अगली बार और प्रतियोगिताओं को शामिल कर विभाग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में उतार जायेगा। इस मौके पर विवेक मेमोरियल सुरगंगा संगीत विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर, सेंट ऐंथानी के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार, डीएफओ टिहरी पुनीत तोमर, अमित कंवर डीएफओ नरेंद्रनगर, डीपी बलूनी डीएफओ उत्तरकाशी, डीएफओ आरएन पांडे, रश्मि ध्यानी, राखी जुयाल, एसडीओ कन्हैया बेलवाल, अनिल पैन्यूली, बीपी बहुगुणा, अजय पाल राणा, रेंजर आशीष डिमरी, आरएम नौटियाल, विरेंद्र बडोला, संदीप कुकरेती, अंकित राणा आदि मौजूद रहे।

पहले दिन 1500 मीटर दौड़ में होशियार सिंह रहे अव्वलः पहले दिन आयोजित खेलों में 800 मीटर महिला दौड़ में दीक्षा प्रथम, अमिता सैनी द्वितीय और अंजली तृतीय रही।

## सेवादल ने किया ध्वज वंदन कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस सेवादल द्वारा माह के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्यक्रम को लेकर मवाणा नगरासू जनपद रुद्रप्रयाग में पुष्पा शाह मुख्य संगठक महिला कांग्रेस सेवादल जनपद रुद्रप्रयाग के नेतृत्व में मुख्य अतिथि रामी देवी माता शहीद चंद्र सिंह सेना मेडल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सुनील शाह प्रदेश महासचिव कांग्रेस सेवादल उत्तराखंड, पुष्पा शाह मुख्य संगठक महिला कांग्रेस सेवादल रुद्रप्रयाग रामी देवी का माल्यार्पण किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद शहीद चन्द्र सिंह सेना मेडल स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट की। इस मौके पर ग्राम प्रधान मरोड़ा वीरेंद्र सिंह राणा, विजय शाह,शीला देवी, विनीता देवी, सुमेदा देवी, बीना देवी, मीरा देवी आदि वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे।

## प्रशिक्षण वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थी नवाजे

चमोली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक के प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन रविवार को दीक्षांत समारोह के साथ हुआ। इस दौरान आठ दिवसीय इस वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ध्वज पोल और ध्वज देकर सम्मानित किया गया। गोमती प्रयाग जनकल्याण परिषद भकुंडा के परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए धर्मजागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री ऋतुराज ने कहा कि हिंदुओं के हर घर में संस्कारशाला चलती है।

जिससे हमार समाज पौराणिक काल से ही संस्कारित है। उन्होंने सनातन धर्म और सनातनी परंपरा को विश्व का सबसे पौराणिक धर्म और परंपरा बताया। साथ ही कहा कि पौराणिक काल में विश्व के तमाम लोग भारत में शिक्षा दीक्षा लेने के लिए पहुंचते थे। वर्ग कार्यवाह भरत दानू ने बताया कि वर्ग में स्वयं सेवकों को खेल, योग, आसन, व्यायाम आदि के गुर सिखाकर शारीरिक दक्ष होने के लिए बताया गया।

साथ ही आत्म रक्षा के अलावा बौद्धक कार्यक्रमों में स्वदेशी अपनाने, स्वरोजगार बढ़ाने और सनातनी संस्कृति के प्रचार प्रसार के टिप्स दिए गए।

इस अवसर पर वर्गाधिकारी सुनील आहूजा, मुख्य शिक्षक पूरण सिंह, जिला प्रचारक सौरभ, नगर प्रचारक अंकुश, वर्ग कार्यवाह भरत दानू, बौद्धिक प्रमुख रामेश्वर सती, भानू चंदोला, कमलेश सती, महेंद्र कंडारी, संजय थपलियाल, हर्षवर्धन थपलियाल, गोमती प्रयाग जनकल्याण परिषद के सचिव एसपी बहुगुणा, जगदीश बहुगुणा, सुमित मिश्रा, यश मैखुरी आदि मौजूद थे।

# सड़क कटान से पेयजल लाइनें व अन्य संपतियां क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। घनसाली के भिलंग पट्टी की नव निर्मित पोखार पजगांव सड़क मार्ग निर्माण से ग्रामीणों की पेयजल लाइनें सहित अन्य संपतियां क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में विभाग और ठेकेदार के प्रति रोष बना हुआ है।

ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त संपतियों की लोनिवि से जल्द मरम्मत की मांग उठाई है। भिलंग पट्टी के पोखार गेंवली पजगांव के लिये नव निर्मित सड़क कटान के कारण ज्यूंदाना गांव के ग्रामीणों की कृषि भूमि, पैदल संपर्क मार्ग और पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है, ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया, ग्रामीणों को गुस्से में देखकर मौके से ठेकेदार कार्य छोड़कर भाग खड़ा हुआ। ग्रामीण सरोप सिंह पंवार ने बताया कि विभागीय ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना बीते शुक्रवार रात को सड़क कटान का कार्य करवाया गया।

शनिवार सुबह ग्रामीण महिलाओं ने जब अपनी संपतियों को क्षतिग्रस्त देखा तो वह भड़क उठी, ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे सड़क निर्माण कार्य रुका दिया। ग्रामीणों के बढ़ते विरोध को देखकर ठेकेदार भाग गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह से फोन पर की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण से क्षतिग्रस्त सम्पतियों की विभाग द्वारा मरम्मत कराई जाऐगी साथ ही निर्माण कार्य के निकलने वाले मलबे को अन्यत्र डंप करवाया दिया जाएगा। विधायक के आश्वान के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

## एबीवीपी ने घोषित किए अपने प्रत्याशी

रुद्रप्रयाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अनुसूया प्रसाद बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आगामी छात्र संघ चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एबीवीपी के जिला संयोजक अभिनव भट्ट ने बताया कि उनका संगठन महाविद्यालय में सभी पदों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा। बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नितिन नेगी, उपाध्यक्ष पर खुशी नेगी, महासचिव पद के लिए अजय कुमार, विश्व विद्यालय प्रतिनिधि (यूआर) पद पर भानू प्रकाश चमोला, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रकाश चौहान व सह सचिव पद के लिए अमिशा को अपना प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# जौनपुर के परोगी में दर्शकों ने किया नृत्य



नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक की अठज्यूला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समिति की ओर से 24 वें क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मौके पर ग्राम परोगी में रात्रि संध्या का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश की गायिका श्रुति शर्मा की प्रस्तुति दर्शकों ने जमकर डांस किया। बीते शनिवार रात को जौनपुर के अठज्यूला क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समिति की ओर से जौनपुर के ग्राम परोगी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमाचल की लोक गायिका श्रुति शर्मा ने हिमाचली गानों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल की सांस्कृति एक दूसरे पूरक है। सांस्कृतिक विकास समिति ओर से मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। हिमाचल की गायिका ने कहा कि जौनपुर और हिमाचल का रीति रीवाज और पहनावा एक दूसरे से मिलते जुलते हैं, दर्शकों ने प्यार दिया उसके वह कभी नहीं भुल पाऐंगी, कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिये उत्तराखंड आने का न्यौता मिला तो जरूर आऐगी।

# मूल्य आधारित सेवा से समृद्ध समाज की पुर्नस्थापना संभव



नई टिहरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू (राजस्थान) के समाज सेवा प्रभाग की ओर से चंबा मे आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मूल्य आधारित सेवा से समृद्ध समाज की पुर्नस्थापना संभव है। इसके लिए समाज सेवकों का मन करूणा, संवेदना और उदारता से भरा होना चाहिए। क्योंकि वह असमर्थ व आपत्ति ग्रस्तों की सहायता करने के लिए तत्पर रहते हैं।

मनुष्यता की आवाज कष्ट पीड़ितों की सहायता करने की है। उदार मनुष्य के सामने जब भी ऐसे अवसर आते हैं। वह कर्तव्य पालन करने से चूकते नहीं है। कार्यकम में वन मंत्री सुबोध उनियाल के प्रतिनिधि के तौर पर ब्लाक प्रमुख नरेंद्रनगर राजेन्द्र भंडारी ने कहा हमने ईश्वर के प्रतिनिधि के तौर पर समाज में जन्म लिया है। यह हमारा कर्म है कि हम प्रतिनिधि के दिए हुए कार्य को कैसे निर्वहन करते हैं। श्रद्धा व भक्ति से ही ईश्वर की अनुभूति पाई जा सकती है। राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता मेहर चंद ने कहा कि राजयोग हमारे जीवन के लिए किस प्रकार उपयोगी हो सकता है। समाज सेवक सुशील बहुगुणा ने कहा कि समाज सेवा करके हम ईश्वर से सीधे जुड़ जाते हैं। इस अवसर पर समाज सेवा के लिए सतबीर पुण्डीर, शोभनी धनोला, दिलीप रमोला जय प्रकाश रमोला, विनोद सुयाल, बिरेंद्र को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो ईवी स्वामीनाथन, प्रो ईवी गिरीश, बीके वीरेन्द्र, ब्रह्माकुमारी उषा बहन आदि मौजूद रहे।

## श्रीपति लाल को चुना गया ब्लाक अध्यक्ष

रुद्रप्रयाग। राजकीय चतुर्थ श्रेणी संगठन ब्लाक शाखा जखोली की बैठक में ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।

जिसमें श्रीपति लाल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। राजकीय इंटर कालेज मयाली में आयोजित बैठक अनुसूया प्रसाद भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें ब्लाक स्तरीय नई कार्यकारिणी का चुनाव करते हुए सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त सुशीला देवी को संरक्षक, विक्रम लाल मंत्री, लीला कोठारी उपाध्यक्ष, सुनीता मैठाणी कोषाध्यक्ष, राजू लाल संगठन मंत्री, मकान सिंह को प्रचार मंत्री व रघुवीर लाल को ऑडिटर चुना गया। इस मौके पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

# राजनीतिक दलों से वोटर लिस्ट को लेकर की गई चर्चा

नई टिहरी। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम मयूर दीक्षित की जनपद स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावली का आगामी एक जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को आलेख्य प्रकाशन के सफल सम्पादनार्थ, कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं बीएलओ व सुपरवाइजरों को सहयोग प्रदान करने के संबंध में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा–निर्देशों के अनुसार 1 जनवरी, 2024 को अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदेय स्थलों के मानकीकरण एवं पुनर्निर्धारण का कार्य सम्पादित किए जाने के उद्देश्य से पुनरीक्षण कार्यक्रम को संशोधित किया गया है, जिसकी प्रति आपको उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि जो 1 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो रहे हैं और उनके नाम वर्तमान फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, के नाम दर्ज करने को फार्म–6 में आवेदन संबंधित बीएलओ, ईआरओ व एईआरओ को प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी प्रकार फार्म–7 वर्तमान फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में दर्ज किसी मतदाता की मृत्यु या स्थानान्तरण आदि कारणों से सामान्यतः निवासी न रहने के कारण नाम को मतदाता सूची से पृथक करने को तथा फार्म–8 वर्तमान नामावली में किसी प्रविष्टि को शुद्ध करने, एक ही निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक बूथ से दूसरे बूथ में या एक विधान सभा से किसी दूसरे विधान सभा में निवास परिवर्तन, फोटो पहचान पत्र बदलने, दिव्यांग व्यक्ति को मार्क करने के लिए उपलब्ध है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम केके मिश्रा ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों को 27 अक्टूबर को प्रकाशित जनपद की समस्त 6 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावली की एक एक प्रति, अंतिम प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार व मतदेय स्थलवार नियुक्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की सूची एवं आलेख्य सर्विस मतदाता सूची मौके पर उपलब्ध कराई गई।



# खिलाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

नई टिहरी)। बौराड़ी गणेश चौक से एकल अभियान से संबद्ध अभ्युदय यूथ क्लब ने रूद्रपुर में शुरू हो रही दो दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद सम्मारोह में शामिल होने जा रहे टिहरी जनपद के खिलाड़ियों के दल को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश नौटियाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनायें भी दी। इस अवसर पर आरोग्य योजना की संभाग प्रमुख व टीम प्रभारी ममता कोरंगा, जिला मीडिया प्रभारी डा प्रमोद उनियाल, वेणीमाधव , नगर संघ चालक सतीश थपलियाल, मनीषा नेगी, किरन, दुर्गा, अनिल डबराल आदि मौजूद रहे।

## उद्यान मंत्री को इस्तीफा देना चाहिएः भट्ट

नई टिहरी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय नैनीताल ने उतराखंड के बहुचर्चित उद्यान घोटाले में सीबीआई जांच के आदेश पारित करने से यह सिद्ध हो चुका है, कि बहुत समय से जिस उद्यान घोटाले में प्रदेश की एसआईटी जांच कर रही थी। उसकी जांच से उच्च न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ और जांच सीबीआई को रैफर की है। उन्होंने कहा कि उद्यान मंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। सीबीआई को यथा शीघ्र उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सख्ती से जांच करनी चाहिए। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भट्ट ने कहा है कि हाई कोर्ट के आदेश में एक भाजपा विधायक और उनके भाई के नाम का भी उल्लेख है।

# डीएम ने स्थानीय लोगों की समस्याएं जानी



नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तहसील नैनबाग सहित ईको हटस धनोल्टी का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से क्षेत्र की समस्याओं को जानते हुए उन पर अमल करने का भरोसा दिया। शिक्षा अधिकारियों को क्षेत्र के बंद पड़े स्कूलों की सूची मुहैया कराने के निर्देश दिए। डीएम दीक्षित ने नैनबाग तहसील का निरीक्षण करते हुए विभिन्न अनुभागों का को देखा। भूअभिलेख कक्ष का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन सम्बंधी पुराने फार्म हटाने के निर्देश दिए। तहसील को जाने वाली खराब सड़क को ठीक करवाने के निर्देश दिए। नई बनी तहसील बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। मंसूरी वन प्रभाग के तहत बने ईको हटस धनोल्टी का भी डीएम ने निरीक्षण करते हुए पहले से बने हटस को ठीक करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान पर्यटक समिति से जुड़े लोगों ने डीएम से मुलाकात कर स्थानीय समस्यायें रखी। जिनके निस्तारण का डीएम ने भरोसा दिया। धनोल्टी बाजार में बनी पार्किंग को हैंडओवर कराने को कहा। टूरिज्म को बढ़ावा देने के मकसद से डीएम ने धनोल्टी मार्केट को नया लुक देने को सभी स्थानीयों की मदद से बाजार को एक लुक देने के लिए समान रूप के साईनबोर्ड, लैंप पोस्ट, वाल पेटिंग, रैलिंग आदि लगवाने को कहा।

# संगम तट पर स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



नई टिहरी। शरद पूर्णिमा पर आधी रात के बाद लगे चंद्र ग्रहण का मोक्ष होने के बाद तड़के तीर्थनगरी देवप्रयाग में गंगा स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। स्नान के बाद लोगों ने प्राचीन रघुनाथ तथा अन्य मंदिरों में पूजा– अर्चना की। बीते शनिवार शाम 4 बजे से तीस वर्ष बाद चंद्र ग्रहण का सूतक काल के शुरू होते ही मां चंद्रबदनी, भगवान रघुनाथ सहित अन्य मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिये बंद कर दिए गए। शरद पूर्णिमा की आधी रात के चंद्र ग्रहण का मोक्ष होने के बाद रविवार तड़के देवप्रयाग संगम तट पर स्नान के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार सुबह नियमित साफ सफाई के बाद सुबह 5 बजे भगवान राघुनाथ सहित अन्य मंदिरों के कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। रघुनाथ मंदिर के पुजारी समीर पंचपुरी ने श्रद्धालुओं से पूजा अर्चना संपन्न करवाई।

## दो बच्चों के साथ घर से निकली महिला को पुलिस ने खोजा

चमोली। घर से दो बच्चों को लेकर निकली महिला को चमोली पुलिस ने ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को एक व्यक्ति ने नन्दानगर घाट थाने में मौखिक सूचना देकर बताया कि उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ घर से कहीं चली गई है। जिसका फोन बंद आ रहा है, जिससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। सूचना पर पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की सहायता से महिला को देर रात श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल से सकुशल बरामद कर लिया।

# क्षेत्र के विकास के लिए जनता को होना पड़ेगा जागरूकः त्रिवेन्द्र



चमोली। पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र रावत ने प्रेस वार्ता में कहा कि गैरसैंण के विकास के लिए स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनधियों का आगे आना होगा। पूर्व सीएम रावत ने कहा कि विकास का जो बीज उन्होंने बोया है उसे खाद–पानी देना होगा, तभी गैरसैंण को कोई भी गैर नहीं कर सकता है। पूर्व सीएम के कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में चौखुटिया में हवाई पट्टी विकसित करने के लिए दस करोड़ की राशि स्वीकृत की थी। प्रदेश की जनता की भावनाओं के अनुरूप गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी, 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ की राशि क्षेत्र के विकास के लिए खर्च करने, गैरसैंण में पानी की कमी को देखते हुए रामगंगा में झील का निर्माण उनकी महत्वपूर्ण घोषणाएं थी। उन्होंने अब इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए जनता को जागरूक एवं संघर्ष करने की बात कहते हुए कहा कि गैरसैंण को मंडल बनाने की भी घोषणा की थी ताकि बड़े स्तर के अधिकारी यहां बैठे तथा वह क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाएं। लेकिन वह सीएम पद से बाहर हो गये। कहा कि वे इसके लिए अपनी ओर से प्रयासरत रहेंगे तथा जनता को भी जागरूक एवं संघर्षशील होना पड़ेगा।

## पाकिस्तान के पंजाब में 10 आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत की पुलिस ने प्रतिबंधित तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के एक कमांडर सहित 10 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने यह जानकारी दी।सीटीडी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारियां तब की गईं जब सीटीडी ने आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रांत में अलग–अलग अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि टीटीपी कमांडर, जिसे एक छापे में उसके चार साथियों के साथ हिरासत में लिया गया जब वह प्रांत में कुछ संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर हमला करने की योजना बना रहा था। लेकिन सीटीडी द्वारा समय पर की गई कार्रवाई से आतंकी प्रयास को नाकाम कर दिया गया।कानून प्रवर्तन एजेंसी ने गिरफ्तार आतंकवादियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, हथगोले, हथियार, मोबाइल फोन और नकदी भी जब्त की।बयान में अन्य पांच आतंकवादियों की पहचान उजागर नहीं की गई।गिरफ्तार आतंकवादियों को आगे की जांच के लिए अज्ञात स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## कारों की टक्कर में 32 की मौत, 63 घायल

**काहिरा ,एजेंसी।** मिस्र के बेहेरा गवर्नरेट के पास एक रेगिस्तानी सडक़ पर शनिवार को कई वाहनों की टक्कर में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए।देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सुरक्षा जांच से पता चला कि दुर्घटना बेहेरा के पास काहिरा–अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी सडक़ पर यात्रा कर रही एक कार से तेल रिसाव के कारण हुई थी। मंत्रालय ने बाद के बयानों में कहा कि यात्रियों को ले जा रही बस से टकराने के कारण कई कारों में आग लग गई। सरकारी अहराम अखबार ने घटनास्थल पर मौजूद एक सुरक्षा सूत्र के हवाले से कहा, दुर्घटना में कुल 64 वाहन शामिल थे, जिनमें 29 कारें जल गईं। मंत्रालय ने कहा कि उसने घायलों को बचाने के लिए 20 एम्बुलेंस भेजी थीं, जिनमें से तीन को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया ।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में बड़ी चूक, घर के ऊपर दिखा संदिग्ध विमान

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। राष्ट्रपति बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास के ऊपर शनिवार को एक संदिग्ध विमान देखा गया। जैसे ही राष्ट्रपति के आवास के आसपास संदिग्ध विमान दिखा तो किसी भी खतरे से निपटने के लिए अमेरिका के फाइटर जेट्स ने तुरंत उड़ान भरी लेकिन पता चला कि संदिग्ध विमान एक नागरिक विमान है और गलती से प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में दाखिल हो गया था। बाद में नागरिक विमान सुरक्षित पास के हवाई अड्डे पर उतर गया। यदि थोड़ी और देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## पीएम मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति से की बात, फिलिस्तीन–इजराइल मुद्दे पर भारत का रुख दोहराया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार देर रात मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल–सीसी से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और क्षेत्र तथा दुनिया पर इसके प्रभाव पर चर्चा की।दोनों नेताओं ने आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन के नुकसान पर अपनी साझा चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने इजराइल–फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया।प्रधान मंत्री ने फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत की विकास साझेदारी और मानवीय सहायता पर प्रकाश डाला।

# सुरक्षा तंत्र की आलोचना कर बुरे फंसे नेतन्याहू, मांगनी पड़ी माफी, बोले– ऐसा नहीं कहना चाहिए था

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध ने 23वें दिन में प्रवेश कर दिया है। इस बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने एक बयान को लेकर अपने सहयोगियों और विपक्ष की तीखी आलोचनाओं को लेकर घिर गए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्तूबर को हमास के घातक हमले को रोकने में विफलता के लिए देश की सुरक्षा सेवाओं को दोषी ठहराया था। हालांकि, रविवार को उन्होंने अपने बयान को लेकर माफी मांगी है।

नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से उस मूल बयान को हटा दिया और एक नए पोस्ट में कहा, मैं गलत था। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मैंने जो बातें कहीं, उन्हें नहीं कहा जाना चाहिए था और इसके लिए मैं माफी मांगता हूं। मैं (सुरक्षा सेवाओं को) पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आगे कहा, मैं सुरक्षा सेवाओं के सभी प्रमुखों को पूरा समर्थन देता हूं। मैं (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ, कमांडरों और सैनिकों को समर्थन दे रहा हूं, जो फ्रंटलाइन पर हैं और हमारे घरों (की सुरक्षा) के लिए लड़ रहे हैं।

इस्राइली प्रधानमंत्री ने शनिवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि उन्हें किसी भी स्तर पर हमास के युद्ध के इरादों के बारे में कोई चेतावनी नहीं मिली थी। उन्होंने जोर देकर कहा था कि सैन्य खुफिया प्रमुख और शिन बेट (घरेलू खुफिया एजेंसी) के प्रमुख सहित सभी सुरक्षा सेवाओं की राय थी कि हमास विचलित है और एक समझौते पर आना चाहता है। उनकी इस टिप्पणी की तीखी आलोचना हुई, जिसके बाद इसे हटा दिया गया।

शनिवार शाम को एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों ने बार–बार नेतन्याहू से सवाल किया कि क्या उन्होंने हमास के हमलों को रोकने में विफलता के लिए अपनी जिम्मेदारी मानी है। एक सवाल को उन्होंने यह कहते हुए टाल दिया कि युद्ध के बाद इसके बारे में गहन जांच होगी और मेरे सहित सभी को जवाब देना होगा। इस बड़ी विफलता की कई सुरक्षा प्रमुखों ने जिम्मेदारी ली है लेकिन नेतन्याहू ने



इसकी कोई भी जिम्मेदारी लेने से परहेज किया है। नेतन्याहू 13 महीने के छोटे से कार्यकाल को छोड़कर 2009 से इस्राइल के प्रधानमंत्री हैं।

वहीं, इस्राइली सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने भी इस सवाल से दूरी बनाई और कहा, मैं इस सवाल का जवाब नहीं दूंगा। हम अब एक युद्ध में हैं और इस पर फोकस कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया ने हगारी के हवाले से कहा, सच के लिए हम आईडीएफ और शिन बेट में गहनता से जांच करेंगे और सबकुछ जनता के सामने पेश करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, हम लड़ाई लड़ रहे हैं और युद्ध पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

नेतन्याहू के सहयोगी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर बेन ग्वीर ने इसके लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की। लेकिन यह भी कहा कि अभी हिसाब–किताब के लिए उचित समय नहीं है। हालांकि, धुर दक्षिणपंथी ओतज्मा येहुदित पार्टी के नेता बेन ग्वीर ने कहा कि अभी इस तरह की चर्चा के लिए समय नहीं है, लेकिन हिसाब–किताब के लिए बाद में काफी समय मिलेगा।

वहीं, विपक्ष के नेता येर लैपिड ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुरक्षा और रक्षा सेवाओं पर आरोप लगाकर लक्ष्मण रेखा पार कर दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आईडीएफ सैनिक और कमांडर हमास व हिजबुल्ला के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहे हैं और नेतन्याहू उनका समर्थन करने के बजाय उन्हें दोष देने की कोशिश कर रहे हैं। लैपिड ने कहा, जिम्मेदारी से बचने और सुरक्षा प्रतिष्ठान पर दोष मढ़ने के इस तरह के प्रयास आईडीएफ को कमजोर करते हैं, जबकि वह इस्राइल के दुश्मनों से लड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि नेतन्याहू को अपने शब्दों के लिए माफी मांगनी चाहिए।

इस बीच, आईडीएफ ने गाजा में हमास के ठिकानों पर हमले तेज करते हुए कहा कि उसने पिछले एक दिन में संगठन से जुड़े करीब 450 ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने कहा कि लक्ष्यों में हमास कमांड सेंटर, अवलोकन चौकियां और एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल लॉन्च पोजिशन शामिल थे। इजरायली सेना ने अतिरिक्त सैनिकों के साथ रात भर गाजा पट्टी में जमीनी अभियानों का विस्तार किया।

इस महीने की शुरुआत में हमास ने इस्राइल के दक्षिण में कई इलाकों में घुसपैठ करते हुए हमलों को अंजाम दिया था। पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे, जिसमें 1400 से अधिक इस्राइली नागरिक मारे गए। हमास के आतंकियों ने करीब 230 इस्राइलियों को बंधक बना लिया था। इस बीच, गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि इस्राइल के जवाबी हमलों में तटीय पट्टी में 8,000 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

ऋषिकेश। महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई यात्रा पर जगह–जगह पुष्प वर्षा की गई। यात्रा में भगवान हनुमान, राम–सीता और शिव–पार्वती के साथ अन्य देवी–देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान वाल्मीकि की रथ पर विराजमान झांकी निकाली गई। रविवार को वाल्मीकि नगर से शोभायात्रा की शुरुआत हुई। रेलवे रोड से होते हुए यात्रा घाट चौक, फिर दून तिराहे से क्षेत्र रोड पर पहुंची। झंडा चौक, सुभाष चौक, मुखर्जी मार्ग, जयराम आश्रम चौक और फिर तिलक रोड से वाल्मीकि नगर में गांधी प्रार्थना मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ।

शोभा यात्रा के दौरान भगवान शिव, पार्वती, लव–कुश, रावण, भारत माता, हनुमान व अन्य देव–देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा का नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

## स्टडी में खुलासा, न्यूरॉन्स के भीतर माइग्रेट कर ब्रेन को संक्रमित करता है कोविड वायरस

**लंदन ,एजेंसी ।** शोधकर्ताओं ने पहली बार पाया है कि कोविड–19 के पीछे के वायरस सार्स सीओवी–2 के विभिन्न वेरिएंट में सेंट्रल नर्वस सिस्टम को संक्रमित करने की क्षमता होती है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन पुष्टि करता है कि सार्स सीओवी–2 इन विट्रो में मानव न्यूरॉन्स को संक्रमित करने और एक्सोन में स्थानांतरित होने में सक्षम है। एक्सोन नरवस जानकारी रखने वाला तंत्र होता है।

अध्ययन में, फ्रांस में इंस्टीट्यूट पाश्चर और यूनिवर्सिटी पेरिस साइट के शोधकर्ताओं ने दिखाया कि वायरस का मूल तनाव सबसे पहले वुहान में पाया गया और गामा, डेल्टा और ओमीक्रॉन/बीए.1 वेरिएंट केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इस अवधि के दौरान वहां रह सकते हैं। शोधकर्ताओं ने देखा कि ये सभी प्रकार सेंट्रल नर्वस सिस्टम में फैलते हैं और ओलफैक्टरी बल्ब को संक्रमित करते हैं।

इंस्टीट्यूट पाश्चर के लिसावायरस, महामारी विज्ञान और न्यूरोपैथोलॉजी यूनिट में शोधकर्ता गुइलहर्मे डायस डी मेलो ने कहा, इस अध्ययन में, हमने दिखाया कि ओलफैक्टरी बल्ब का संक्रमण सभी प्रकारों में आम है और यह किसी विशेष प्रकार से जुड़ा नहीं है, न ही एनोस्मिया (गंध की हानि) जैसी किसी विशेष नैदानिक अभिव्यक्ति से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पैतृक (वुहान) वायरस में एनोस्मिया से जुड़े एक आनुवंशिक अनुक्रम की पहचान की।डायस डी मेलो ने कहा, इससे पता चलता है कि एनोस्मिया और न्यूरोनल संक्रमण दो असंबंधित घटनाएं हैं।

# यूएन में इजरायल संग भारत, हमास को जमकर सुनाया, प्रस्ताव पर वोटिंग से बनाई दूरी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** इजरायली सेना और हमास आतंकवादियों के बीच गाजा में मानवीय आधार पर संघर्ष विराम के लिए जॉर्डन की ओर से पेश किया गया प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित हो गया। इस प्रस्ताव का मकसद गाजा में तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान करना था।

इस प्रस्ताव पर हुई वोटिंग के बाद यूएन न्यूज सेंटर ने ट्वीट कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मौजूदा गाजा संकट पर 'नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी और मानवीय दायित्वों को कायम रखने' पर प्रस्ताव अपना लिया गया है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 120 वोट, विपक्ष में 14 वोट और अनुपस्थितों की संख्या 45 रही। दरअसल भारत



भी उन देशों में शामिल था, जिसने इस प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन चर्चा के दौरान भारत ने खुलकर इजरायल का पक्ष लिया और आतंकवाद की जमकर आलोचना की।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरायल गाजा विवाद पर यह प्रस्ताव जॉर्डन ने पेश किया था। इस प्रस्ताव पर मतदान से अनुपस्थित रहने वाले 45 देशों में आइसलैंड, भारत, पनामा, लिथुआनिया और ग्रीस शामिल थे। यह प्रस्ताव इजरायल–फिलिस्तीन संकट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के आपातकालीन विशेष सत्र के दौरान अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गाजा एन्क्लेव के अंदर फंसे नागरिकों के लिए जीवनरक्षक आपूर्ति और सेवाओं के निरंतर, पर्याप्त और निर्बाध पहुंच की भी मांग की।

प्रस्ताव को सदन में यह बोलकर पारित किया गया कि अरब देशों द्वारा तैयार किया गया प्रस्ताव बाध्यकारी नहीं है, लेकिन यह राजनीतिक महत्त्व रखता है, क्योंकि इजरायल ने 75 साल पुराने इतिहास में नागरिकों पर सबसे खराब हमास हमले के जवाब में गाजा में जमीनी कार्रवाई तेज कर दी है।

भारत ने जॉर्डन के पेश किए गए इजरायल–फिलिस्तीन प्रस्ताव पर दूरी जरूर बनाए रखी पर आतंकवाद को लेकर हमास पर जमकर निशाना साधा। भारत ने कहा कि वह इजरायल फिलिस्तीन संघर्ष को दूर करने के लिए द्वि–राष्ट्र समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप दूत योजना पटेल ने इजरायल में हुए हमास के आतंकी हमले पर दुख जताया और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने इजरायली बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया और गाजा में चिंताजनक मानवीय स्थिति पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने के प्रयासों का समर्थन करता है और फिलिस्तीन की मदद के लिए हमेशा तैयार है। जॉर्डन के इस प्रस्ताव में सात अक्तूबर के हमास आतंकवादी हमलों का कोई विशेष उल्लेख नहीं है। जॉर्डन ड्राफ्ट प्रस्ताव को रूस, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित क्षेत्र के 40 देशों ने समर्थन दिया था। इसने इजरायल की कार्रवाई की निंदा की, लेकिन हमास के आतंकवादी हमले की नहीं। हालांकि, कनाडा के पेश किए गए संशोधन ने हमास के आतंकवादी हमले की निंदा की, लेकिन कनाडा का संशोधन संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित नहीं हो सका। वह दो–तिहाई बहुमत हासिल करने में पूरी तरह से विफल रहा।


कनाडा के प्रस्तावित संशोधन इजरायल में 7 अक्टूबर को शुरू हुए हमास के हमलों और बंधकों की घटना की निंदा से जुड़ा हुआ था।

## जम्मू कश्मीरः कुपवाड़ा में फिर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने आतंकी मार गिराया

**कुपवाड़ा, एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक बार फिर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया है। कुपवाड़ा जिले के जुमागुंड सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को विफल किया। यहां एक आतंकवादी मारा गया। अभी ऑपरेशन चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, कुपवाड़ा पुलिस और सेना की 2 बिहार यूनिट की संयुक्त टीम ने जिले जुमागुंड सेक्टर में भारत–पाकिस्तान नियंत्रण रेखा को पार घुसपैठ करने वाले एक आतंकी को मार गिराया है। पुलिस और सेना के जवान मोर्चे पर डटे हुए हैं। अभी ऑपरेशन जारी है।

इससे पहले गुरुवार को कुपवाड़ा को पुलिस और



सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने पांच आतंकियों को ढेर किया था। मारे गए आतंकी लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े हुए थे, जो सीमा पर से भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने की कोशिश में थे। इससे पहले ही सतर्क जवानों ने उन्हें मार गिराया। उनके पास से भारी मात्रा हथियार और गोला बारूद भी बरामद किया गया था।

डीजीपी दिलबाग सिंह ने वीरवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एलओसी पार पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर (पीओजेके) में 16 लॉन्चिंग पैड्स सक्रिय हैं। यहां प्रशिक्षित आतंकी घुसपैठ के लिए तैयार बैठे हैं। यह आतंकी लगातार कोशिश में रहते हैं कि सीमापार घुसपैठ किया जाएं

कुपवाड़ा दौरे के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह इलाका जो इस सरहदी पट्टी के सामने पड़ता है लंबे अरसे से बदनाम है। यहां पर ट्रेनिंग कैंप और लॉन्चिंग पैड्स की एक लंबी चौड़ी तादाद है। कम से कम 16 लॉन्चिंग पैड्स इस डिवीजन के सामने सरहद पार पीओजेके में मौजूद हैं। उनकी यहां पर कोई न कोई गतिविधि चलती रहती है कि कहीं न कहीं घुसपैठ की कोशिश कराएं। घुसपैठ की कोशिश पहले भी हुई है और अब भी हो रही है। इस तरह की कोशिश पाकिस्तानी एजेंसियों की ओर से होती है और इस पार सेना और पुलिस का पूरा यह प्रयास रहता है कि उन कोशिशों को नाकाम किया जाए।

आतंकवादियों की संख्या को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि आज की तारीख में आतंकवादियों की संख्या बहुत कम हो चुकी है। आने वाले दिनों में यह संख्या और कम होगी। इसमें पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। आतंकवादियों का सफाया हो जाने से लोगों को भी राहत मिली है। लोग अमन और तरक्की में यकीन रखते हैं। उसके लिए सारे काम कर रहे हैं और प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं।

## हरियाणा सरकार ने खेडक़ी दौला टोल प्लाजा के लिए जमीन की पेशकश की

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एनएचएआई को 30 एकड़ जमीन मुफ्त देने की पेशकश की है, और केंद्रीय सडक़ परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर खेडक़ी दौला टोल प्लाजा को उधर ट्रांसफर करने का अनुरोध किया है।नितिन गडकरी को संबोधित एक संचार में मुख्यमंत्री ने कहा कि खेडक़ी दौला टोल प्लाजा राजमार्ग पर एक बड़ी बाधा है, जिससे गुरुग्राम क्षेत्र में यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण ट्रैफिक जाम होता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पंचगांव गांव में एक नया टोल प्लाजा स्थापित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को जमीन की पेशकश की है।

## एचआईवी पॉजिटिव रिपोर्ट देख डॉक्टर हुआ आगबबूला, मरीज को मारे चांटे

**इंदौर ,एजेंसी।** इंदौर में एचआईवी संक्रमित मरीज को पीटने के मामले में महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवाईएच) के जूनियर डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया. पीड़ित को थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आने के बाद डॉक्टर के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। सांवेर के पंचचिड़िया निवासी एक 45 साल के एसआईवी पीड़ित शख्स का सडक़ हादसे में पैर फ्रैक्चर हो गया था। घायल को उज्जैन के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन गंभीर रूप से टूटी हड्डी के इलाज के लिए मरीज को उज्जैन से एमवायएच भेजा गया था।

इंदौर के एमवाईएच में जूनियर डॉक्टर आकाश कौशल इलाज शुरू होने से पहले मरीज या उसके परिजनों की तरफ से एचआईवी संक्रमण के बारे में नहीं बताए जाने से नाराज था। घटना के वीडियो में जूनियर डॉक्टर ड्रेसिंग टेबल पर लेटे मरीज को लगातार थप्पड़ मारता दिख रहा है और गालियां भी दे रहा है। इस मामले में एमवायएच अधीक्षक डॉ. प्रमेंद्र ठाकुर ने कहा कि हड्डी रोग एवं ट्रॉमेटोलॉजी विभाग में पदस्थ जूनियर डॉक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ठाकुर ने बताया कि एमवायएच शहर के सरकारी महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध है। डीन डॉ. संजय दीक्षित ने मामले की जांच करने और तीन दिनों में रिपोर्ट देने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है।

## बिहार में गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद कांग्रेस को नीतीश से ज्यादा भरोसा लालू पर

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में भले ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और कांग्रेस सहित कई दल मिलकर सरकार चला रहे हों, लेकिन कांग्रेस अभी भी लालू प्रसाद को ही भरोसेमंद मानती है। हाल के दिनों में प्रदेश की सियासत में कई तस्वीर ऐसी सामने आई हैं, जिससे इस बात को बल मिलता है कि राजद और कांग्रेस नीतीश कुमार पर आंख बन्द कर विश्वास करने की स्थिति में नहीं है।

इधर, जदयू ने भी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतार कर यह साफ कर दिया है कि उनकी रणनीति बदलती रहती है। ऐसे में कांग्रेस को जदयू पर संशय बरकरार है। वैसे, कहा यह भी जा रहा है कि नीतीश कुमार ने जिस तरह मोतिहारी के महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाजपा की तारीफ करते हुए बयान दिया था, उसके बाद कांग्रेस और राजद सतर्क हो गई है। इसके बाद जब जदयू ने मध्य प्रदेश चुनाव में 10 प्रत्याशियों को उतारकर अपनी रणनीति के संकेत दिए तो राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पहले मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में शामिल होकर नीतीश कुमार की पार्टी को समझाने में देरी नहीं की।

इसमें कोई शक नहीं कि दशकों से अधिक समय तक राजद और कांग्रेस बिहार ही नहीं केंद्र की राजनीति में भी एक साथ कदमताल करती रही है। कांग्रेस और राजद की नजदीकी का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि विपक्षी दलों को एकजुट करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई, लेकिन लालू प्रसाद ने कांग्रेस के राहुल गांधी को 'दुल्हा' और सभी को बराती बनने की बातकर विपक्षी दलों के गठबंधन के नेता बनाए जाने के संकेत दे दिए।जदयू के नेता भी मानते हैं कि राजद और कांग्रेस के बीच अच्छी समझ को नकारा नहीं जा सकता।

बिहार के मंत्री और जदयू के नेता अशोक चौधरी से जब आठ साल बाद लालू प्रसाद के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय जाने और श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में भाग लेने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा कि राजद और कांग्रेस में अच्छी अंडरस्टैंडिंग है। दोनों दल मिलकर लंबे समय से काम कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के लिए की पांच उम्मीदवारों की घोषणा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस ने रविवार को कर्नाटक विधान परिषद के आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आगामी चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने बेंगलुरु ग्रेजुएट्स के लिए रामोजी गौड़ा, बेंगलुरु टीचर्स के लिए पुत्तन्ना, साउथ वेस्ट टीचर्स के लिए के.के. मंजूनाथ, साउथ ईस्ट टीचर्स के लिए डी.टी. श्रीनिवास और नॉर्थ ईस्ट ग्रेजुएट्स के लिए डॉ. चन्द्रशेखर बी. पाटिल की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है।

इस साल की शुरुआत में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी।

## लोकसभा से पहले आठ नगर निगमों में चुनाव कराने की तैयारी

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा में अगले साल लोकसभा और विधानसभा के साथ आठ नगर निगमों के चुनाव हो सकते हैं। संभवतः जनवरी या फरवरी में सरकार नगर निगमों के चुनाव करवा सकती है। यह इशारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत समारोह के दौरान किया। मुख्यमंत्री ने भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एक टीम के तौर पर कार्य करना है। अगले साल लोकसभा, विधानसभा के साथ निगम चुनाव का भी सामना करना पड़ सकता है। तीन नगर निगमों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है और पांच नगर निगमों का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है, ऐसे में नगर निगम



सीएम मनोहर लाल ने दिया बड़ा संकेत

चुनाव लोकसभा के पहले भी करवाए जा सकते हैं।

सभी कार्यकर्ताओं को मजबूत तैयारी करनी होगी। उल्लेखनीय है कि फरीदाबाद, गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम का कार्यकाल काफी समय पहले पूरा हो चुका है। इन तीनों के चुनाव लंबे समय से लटके पड़े हैं। वहीं, हिसार, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, करनाल निगम का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। ऐसे में सरकार आठों नगर निगम के चुनाव एक साथ करवा सकती है।

सूत्रों के अनुसार सरकार की पूरी कोशिश रहेगी कि निगमों के चुनाव लोकसभा से पहले करवा दिए जाएं। अगर सरकार अधिकतर निकायों में चुनाव जीतती है तो लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक माहौल बन सकता है। कुछ महीनों से भाजपा का फोकस भी शहरी वोटरों की ओर ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने भी शहरी मतदाताओं को कई राहत दी हैं। 800 से ज्यादा कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। पानी के बिलों व संपत्ति कर में भी राहत दी गई है। इन आठों में से अधिकतर नगर निगम में भाजपा का दबदबा रहा है। हर जगह पार्टी के विधायक हैं, ऐसे में पार्टी की पूरी कोशिश रहेगी कि इन रियायतों को लोकसभा चुनाव से पहले कैश किया जाए।

सम्पादकीय

## फिर बिगड़ी है हवा

मौसम बदलने के साथ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति लगभग रोज बदतर होती जा रही है। गौरतलब यह है कि इस बार मुंबई में भी हवा की गुणवत्ता बिगड़ी है, जबकि वहां ऐसा आम तौर पर नहीं होता। दिल्ली इस वर्ष कुछ–कुछ दिन के अंतर पर बारिश होने के कारण हवा की गुणवत्ता अब तक आम तौर पर बेहतर रही। तब इसका श्रेय लेने की होड़ लग गई। खासकर दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने इसे अरविंद केजरीवाल सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। लेकिन अब सूरत बदल गई है, तो इस बारे में पार्टियों ने चुप्पी साध ली है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति लगभग रोज बदतर होती जा रही है। लेकिन गौरतलब यह है कि इस बार मुंबई में भी हवा की गुणवत्ता बिगड़ी है। मुंबई समुद्र के किनारे है, इसलिए वहां आम तौर पर दिल्ली जैसी वायु प्रदूषण की स्थिति नहीं होती। लेकिन इस बार वहां भी चिंता बढ़ी है। दिल्ली में तो पिछले एक सप्ताह में हवा की गुणवत्ता 'खराब' से गिरकर 'बहुत खराब' श्रेणी में आ गई है। बढ़ते प्रदूषण के असर को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) का दूसरा चरण लागू कर दिया है। अगर अभी ये स्थिति पैदा हो गई है, तो दिवाली के आसपास क्या हाल होगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक दिल्ली में खराब हवा से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं है। तापमान में गिरावट के साथ दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर लगातार सामान्य से ज्यादा बन गया है। दिल्ली स्थित ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के एक अध्ययन के मुताबिक प्रदूषण बढने के कारण सांस उखडने के मामले बढ़ रहे हैं। एम्स ने वायु प्रदूषण का मरीजों पर पडने वाले असर को लेकर अपने एक अध्ययन में कहा कि प्रदूषण के कारण लोगों में सांस और खांसी की परेशानी बढ़ रही है। अध्ययन में पता चला कि हवा में नाइट्रस ऑक्साइड का स्तर वातावरण में औसतन मानक से एक अंक बढ़ गया। नतीजा यह हुआ है कि इमरजेंसी में सांस लेने की दिक्कत वाले मरीज 53 फीसदी बढ़ गए। ऐसा ही असर पार्टिकुलेट मैटर 2.5 का स्तर बढने का हुआ है। स्पष्टतः दिल्ली में प्रदूषण की बुनियादी वजहें दूर नहीं हुई हैं। मौसम परिवर्तन के साथ स्थिति बिगड़ रही है।

# सीधी लड़ाई में अन्य की भूमिका

**मध्य प्रदेश में नजदीकी मुकाबला ज्यादा होता है। पिछले विधानसभा चुनाव में 84 सीटों पर जीत हार का फैसला 10 हजार से कम वोट के अंतर से हुआ था। इसमें से 44 सीटें भाजपा ने जीती थीं और 40 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी। इस बार भी दोनों पार्टियों के बीच नजदीकी मुकाबला दिख रहा है। इस बार मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से तालमेल किया है। दोनों पार्टियां दलित और आदिवासी बहुल इलाकों में मजबूत उम्मीदवार उतार कर मुकाबले को तिकोना बनाने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस से विवाद के बाद समाजवादी पार्टी ने भी 30 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। उत्तर प्रदेश से सटे कई इलाकों में सपा का ठीक ठाक असर है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल जनता दल यू ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा कांग्रेस व भाजपा से टिकट लेने में नाकाम रहे कई मजबूत नेता निर्दलीय भी लड़ेंगे। भाजपा से अलग हुए मैहर के विधायक नारायण त्रिपाठी ने अलग विंध्य पार्टी बनाने और 30 सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतार कर चुनाव लडने का ऐलान किया है। अगर बसपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कहीं कांग्रेस का नुकसान करती हैं तो नारायण त्रिपाठी की पार्टी भाजपा का वोट काट सकती है।**

**हरिशंकर व्यास**

अगले महीने, जिन पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हमेशा आमने–सामने की लड़ाई होती है। दशकों से चुनावी मुकाबला कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होता है। इन तीनों राज्यों में कोई भी मजबूत प्रादेशिक पार्टी नहीं है और किसी राष्ट्रीय पार्टी की भी मजबूत मौजूदगी नहीं है। इसके बावजूद यह एक दिलचस्प तथ्य है कि इन तीनों राज्यों में अन्य एक बड़ा फैक्टर होते हैं। अन्य का मतलब है कि छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार। वे चुनाव नतीजों पर बड़ा असर डालते हैं और चुनाव के बाद सरकार बनाने में भी बड़ी भूमिका निभाते हैं। कांग्रेस ने पिछले 20 साल में दो बार– 2008 और 2018 सरकार बनाई और दोनों बार अन्य के सहारे से ही उसकी सरकार बनी। इस बार भी अन्य का फैक्टर बड़ा काम करेगा।

अगर आंकड़ों की बात करें तो पिछले यानी 2018 के विधानसभा चुनाव में दो पार्टियों– कांग्रेस और भाजपा में सीधे मुकाबले के बावजूद छत्तीसगढ़ में इन दोनों पार्टियों को सिर्फ 76 फीसदी वोट मिले और 24 फीसदी वोट अन्य पार्टियों को गए। इसी तरह पिछले चुनाव में राजस्थान में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था इसके बावजूद इन दोनों को 78.90 फीसदी वोट मिले यानी 21 फीसदी वोट अन्य के खाते में गए। मध्य प्रदेश में स्थिति इससे थोड़ी बेहतर रही लेकिन वहां भी कांग्रेस और भाजपा को 81.90 फीसदी वोट मिले और करीब 18 फीसदी वोट अन्य को गए। इसका मतलब है कि भले कोई बड़ी तीसरी ताकत नहीं है लेकिन राज्य के आम लोग कांग्रेस और भाजपा से अलग हमेशा एक विकल्प तलाशते रहते हैं। तभी बसपा, सपा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी या निर्दलियों के प्रतनिधि चुनती रहती है।

इस बार भी अन्य का फैक्टर चुनाव नतीजों को प्रभावित करेगा और चुनाव के बाद की राजनीति पर भी असर डालेगा। राजस्थान में पिछली बार मायावती की पार्टी बसपा के छह विधायक जीते थे, जो बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। इस बार भी बसपा ने अनेक सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने भी राजस्थान में उम्मीदवार दिए हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता और सांसद हनुमान बेनिवाल ने ऐलान किया है कि वे आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ तालमेल करके राज्य की सभी दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा कांग्रेस और भाजपा से टिकट लेने में नाकाम रहे अनेक मजबूत नेता निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। इससे लगता है कि कई सीटों पर त्रिकोणात्मक या चारकोणीय चुनाव हो सकता है और थोड़े बहुत वोट के अंतर से हार–जीत का फैसला होगा।

मध्य प्रदेश में नजदीकी मुकाबला ज्यादा होता है। पिछले विधानसभा चुनाव में 84 सीटों पर जीत हार का फैसला 10 हजार से कम वोट के अंतर से हुआ था। इसमें से 44 सीटें भाजपा ने जीती थीं और 40 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी। इस बार भी दोनों पार्टियों के बीच नजदीकी मुकाबला दिख रहा है। इस बार मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से तालमेल किया है। दोनों पार्टियां दलित और आदिवासी बहुल इलाकों में मजबूत उम्मीदवार उतार कर मुकाबले को तिकोना बनाने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस से विवाद के बाद समाजवादी पार्टी ने भी 30 से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। उत्तर प्रदेश से सटे कई इलाकों में सपा का ठीक ठाक असर है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल जनता दल यू ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा कांग्रेस व भाजपा से टिकट लेने में नाकाम रहे कई मजबूत नेता निर्दलीय भी लड़ेंगे। भाजपा से अलग हुए मैहर के विधायक नारायण त्रिपाठी ने अलग विंध्य पार्टी बनाने और 30 सीटों पर मजबूत उम्मीदवार उतार कर चुनाव लडने का ऐलान किया है। अगर बसपा व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कहीं कांग्रेस का नुकसान करती हैं तो नारायण त्रिपाठी की पार्टी भाजपा का वोट काट सकती है।

उधर छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत अजित जोगी की बनाई पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ भी कई सीटों पर मजबूती से लड़ती है और कुछ सीटों पर चुनाव जीतती भी है। इस बार भी अजित जोगी के परिवार के कई सदस्य चुनाव लड़ेंगे। मरवाही, अकलतरा आदि इलाकों में परिवार का अच्छा खासा असर है। सतनामी समुदाय के वोट को लेकर पार्टी राजनीति करती है। कांग्रेस की टिकट लेने में नाकाम रहे कई नेता जोगी की पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच तालमेल हुआ है। सो, भले कोई बड़ी प्रादेशिक पार्टी नहीं हो लेकिन छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव नतीजों पर असर डाल सकते हैं। चुनाव के बाद तीनों राज्यों में इनका असर भी देखने को मिलेगा। पिछले चुनाव के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में बसपा और निर्दलीयों के सहारे सरकार बनाई थी तो मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस ने बसपा के दो और सपा के एक विधायक की मदद से सरकार बनाई थी।

# ऋषि सुनक का एक साल

**श्रुति व्यास**

ऋषि सुनक को यूके की सत्ता सम्हाले एक साल पूरे हो गए।वे पिछली दीवाली पर ब्रिटेन के पहले अश्वेत और पहले हिन्दू प्रधानमंत्री बने थे। वह बोरिस जॉनसन और लिज़ ट्रस के उथलपुथल भरे कार्यकाल के बाद का दौर था। सुनक के इस उच्चतम पद पर पहुंचने ने सभी हिन्दुओं और गैर–श्वेत पुरूषों और महिलाओं को जोश से भर दिया था, वे खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहे थे, आखिर उनकी एक बड़ी उम्मीद पूरी हुई थी।

सुनक एक उतार–चढ़ाव भरे दौर में प्रधानमंत्री बने। इसलिए उन्हें अपनी योग्यता साबित करने की चुनौती का सामना करना पड़ा। ब्रेक्सिट और उसके बाद कोरोना महामारी के दौरान वे वित्तमंत्री थे और उन्होंने दोनों अवसरों पर अपना लोहा मनवाया था। इसलिए प्रधानमंत्री के रूप में भी उनसे बहुत अपेक्षाएं थीं और वे चर्चाओं के फोकस में थे। लेकिन सौम्य, आत्मविश्वास से लबरेज, उत्साही एवं आकर्षक सुनक एक साल बाद अपने डूबते हुए जहाज को इस तूफानी और अंधकारमय दौर में भी तैरते रखने में कामयाब रहे हैं जबकि दुनिया दो युद्धों और आर्थिक समस्याओं से जूझ रही है।चुनौतियों का मजबूती से सामना करने के लिए संकल्पित सुनक अपनी हर पत्रकारवार्ता में पांच इरादे दुहराते हैं झ वे कहते हैं कि महंगाई कम करना, अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तेज करना, देश का कर्ज घटाना, एनएचएस में प्रतीक्षा अवधि कम करना और गैर–कानूनी प्रवासन को नियंत्रित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।पर इन सभी मामलों में प्रगति कम हो रही है और शोर ज्यादा है। इसके अलावा दो युद्ध जारी हैं जिनसे दुनिया में उथलपुथल है। इसके नतीजे में अर्थव्यवस्था चिंता का प्रमुख विषय है। वे संभवतः साल के अंत तक मुद्रास्फीति को घटाकर 5.3 प्रतिशत तक लाने के लक्ष्य की ओर संतोषजनक गति से बढ़ रहे हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर धीमी है और ब्रिटेन का कुल राष्ट्रीय कर्ज2,600 अरब पौंड तक पहुंच गया है जो जीडीपी का लगभग 97.8 प्रतिशत है।



**मिड–बेडफोर्डशायर में किसी भी अन्य ब्रिटिश उपचुनाव की तुलना में सबसे अधिक बहुमत के पलटने का रिकार्ड कायम हुआ तो टेमवर्थ के उपचुनाव में सन् 1945 के बाद सबसे अधिक संख्या में मत टोरी से लेबर की ओर जाने की स्थिति बनी।सो लगता है कि ब्रिटिश राजनीति की दिशा बदल रही है। टोरी पार्टी का बोलबाला कम हो रहा है। विशेषज्ञों ने कहा है कि उनकी पार्टी ''गंभीर चुनावी चुनौतियों'' का सामना कर रही है। जहां तक सुनक का सवाल है, संडे टाईम्स के अनुसार 25 कंजरवेटिव सांसद उनके नेतृत्व में अविश्वास व्यक्त करने वाले पत्र लिखने की तैयारी कर रहे हैं।**


सर्दी का मौसम आने वाला है। तभी उनके सामनेमरीजों कीप्रतीक्षा अवधि बढने के कारण एनएचएस का मसला चुनौतीपूर्ण होगा।उधर गैर–कानूनी प्रवासन में गुजरे साल 26,500 से अधिक लोगों ने छोटी–छोटी नावों में ब्रिटिश चैनल को पार किया और सरकार की गैरकानूनी प्रवासियों को एक तीसरे देश (रवांडा) निर्वासित करने की नीति की पड़ताल सर्वोच्च न्यायालय कर रहा है।प्रधानमंत्री सुनक पर करों में कटौती करने का दबाव भी बढ़ता जा रहा है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वित्तमंत्री जेरेमी हंट वसंत में आने वाले बजट में इस संबंध में कोई घोषणा करेंगे।

बावजूद इस सबके कहा जा सकता है कि अपने पूर्ववर्ती के 49 दिनों के अराजकतापूर्ण कार्यकाल के बाद सुनक ने ब्रिटेन के हालात सुधारे। लेकिन राजनैतिक दृष्टि से सुनक विफल रहे हैं। उनकी पार्टी जनमत सर्वेक्षणों में और मिड–बेडफोर्डशायर और टेमवर्थ में हुए दो उपचुनावों में लेबर पार्टी से बहुत पीछे, दूसरे स्थान पर रही। मिड–बेडफोर्डशायर में किसी भी अन्य ब्रिटिश उपचुनाव की तुलना में सबसे अधिक बहुमत के पलटने का रिकार्ड कायम हुआ तो टेमवर्थ के उपचुनाव में सन् 1945 के बाद सबसे अधिक संख्या में मत टोरी से लेबर की ओर जाने की स्थिति बनी।सो लगता है कि ब्रिटिश राजनीति की दिशा बदल रही है। टोरी पार्टी का बोलबाला कम हो रहा है। विशेषज्ञों ने कहा है कि उनकी पार्टी ''गंभीर चुनावी चुनौतियों'' का सामना कर रही है। जहां तक सुनक का सवाल है, संडे टाईम्स के अनुसार 25 कंजरवेटिव सांसद उनके नेतृत्व में अविश्वास व्यक्त करने वाले पत्र लिखने की तैयारी कर रहे हैं। इस सबका फायदा लेबर पार्टी को हो रहा है जो जनमत सर्वेक्षणों में तेजी से आगे बढ़ रही है और विरोधी नेता केयर स्ट्रेमर, सरकार विरोधी माहौल के कारण मजबूत स्थिति में हैं। जनता का भी सुनक के प्रति नजरिया बदला है। एक साल पहले उनके प्रति सद्भावना थी, लोगों को उन पर भरोसा था झ वह भी इस बात के बावजूद कि उन्हें जनता ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर नहीं चुना था। लेकिन आज एक साल बाद यू गव के जनमत संग्रह के अनुसार आधे ब्रिटिश नागरिकों का कहना है ऋषि सुनक एक 'घटिया' या 'बेकार' प्रधानमंत्री रहे हैं। केवल 11 प्रतिशत ने उन्हें 'अच्छा' या 'सबसे अच्छा' बताया। संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री बनने के बाद से सुनक की लोकप्रियता में गिरावट आई है।

लेकिन सुनक के लिए सब कुछ अंधकारमय नहीं है। सुनक आशावादी हैं और वे न केवल ब्रिटेन के निवासियों बल्कि वहां की राजनीति में बदलाव लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, और साथ ही वैश्विक मंच पर चुनौतीपूर्ण महत्वूपर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

और यदि वे अपने वादे पूरे करते हैं तो संभव है कि टोरी मुकाबले में बने रहें। सुनक को अर्थव्यवस्था के बढ़िया प्रबंधक होने की अपनी छवि पर खरा उतरना है। इसे साबित करने पर ही वे चुनाव जीतने की उम्मीद कर सकते हैं। लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि ऐसा हो पाएगा। सवाल यह भी है कि उनकी पार्टी द्वारा कई सालों तक अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन के कारण ऐसा करना संभव भी है या नहीं? सुनक चाहते हैं कि उन्हें सिद्धांतों से चिपके रहने वाले नेता के बजाए एक व्यवहारिक नेता के रूप में याद किया जाए। यह देखा जाना बाकी है कि टोरी पार्टी उनके नेतृत्व को स्वीकार करने को तैयार है या नहीं। यदि पार्टी फिर से आपसी झगड़ों में उलझ गई तो वह अपने आप को विपक्ष में पाएगी। सुनक के लिए उपलब्ध समय बीतता जा रहा है। उन्हें अपने वायदों को पूरा करने के लिए जोरशोर से जुटना होगा तभी वे जनता का भरोसा दुबारा हासिल कर पाएंगे। आखिरकार कोई भी विचारधारा जनमत से बढक़र नहीं हो सकती। इसके अलावा सुनक को ब्रिटेन की दिशा बदलने वाले गैर–श्वेत व्यक्ति की विरासत छोडने के लिए ब्रिटिश जनता के समर्थन की जरूरत होगी। उनकी सफलता पर बहुत कुछ निर्भर है।

# गर्दन काली पड़ गई है तो अपनाएं यह घरेलू टिप्स, चुटकियों में हो जाएगी साफ



हम लोग अक्सर अपने चेहरे की देखभाल का ख्याल रखते हैं. रोज सुबह–शाम फ़स वॉश करते हैं लेकिन गर्दन की सफाई करना भूल जाते हैं. ऐसे में गर्दन पर धीरे–धीरे गंदगी जमने लगती है और यह काला पडने लगता है. या फिर गर्मियों के मौसम में धूप के कारण कई लोगों की गर्दन काली पड़ जाती है. गर्दन की काली त्वचा न सिर्फ बदसूरत लगती है बल्कि कई तरह की स्किन समस्याएं भी पैदा कर सकती है. ऐसे में कुछ घरेलू उपाय आजमाना चाहिए ताकि गर्दन की रंगत फिर से साफ और चमकदार हो सके. हल्दी, नींबू, बेकिंग सोडा जैसी कुछ चीजें इस समस्या से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित हो सकती हैं. आइए जानते हैं यहां ....

नींबू का रस

नींबू का रस गर्दन के कालेपन को कम करने में मदद करता है. निम्बू का रस गर्दन पर लगाएं और उसे 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर धूला लें. इसको हफ्ते में एक या दो बार करें.

हल्दी और दही का पैक

हल्दी में गर्दन के कालेपन को कम करने के लिए और दही में त्वचा को सॉफ्ट बनाने के गुण होते हैं. एक छोटी सी चम्मच हल्दी को दो चम्मच दही के साथ मिलाएं और इस मिश्रण को गर्दन पर लगाएं, फिर 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें और बाद में धूला लें.

आलू के रस का उपयोग

आलू के रस को गर्दन पर लगाने से भी गर्दन के कालेपन को कम किया जा सकता है. आलू को घिसकर रस निकालें और इसे गर्दन पर लगाएं, फिर धूला लें.

बेकिंग सोडा और नमक

एक थोड़ी सी मात्रा में बेकिंग सोडा और नमक को गर्दन के कालेपन पर मिलाकर मालिश करें, फिर पानी से धो लें. यह एक प्रकार की प्राकृतिक एक्फोलिएटर का काम करता है.

हेडबैंड या स्कार्फ का उपयोग

धूप में बिना हेडबैंड या स्कार्फ के बिना न जाएं, क्योंकि धूप की अधिकतम गर्मी गर्दन के कालेपन का कारण बनती है. पर्यापन रूप से पानी पीना हमारी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए अपने शरीर को पर्यापन रूप से हाइड्रेट रखें. ताकि स्किन अच्छा रहे. इन स्किनकेयर रुटीन को अपना कर आप अपने गर्दन की त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद कर सकते हैं.

# सीट बंटवारे पर कांग्रेस की नई रणनीति

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सीट बंटवारे की चर्चा नहीं हो रही है क्योंकि कांग्रेस ने इसके लिए मना किया हुआ है। शरद पवार के घर पर 13 सितंबर को कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में इस बारे में बात उठी थी लेकिन बैठक शामिल हुए कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कह दिया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद इस बारे में बात होगी। उसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने यह भी कह दिया कि विपक्षी गठबंधन की अगली यानी चौथी बैठक तीन दिसंबर को पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद ही होगी। अब कांग्रेस ने सीट बंटवारे को लेकर नई रणनीति का संकेत दिया है। जानकार सूत्रों के मुताबिक विपक्षी गठबंधन की कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं होगी।



बताया जा रहा है कि कांग्रेस राज्यवार सीट बंटवारा चाहती है और यह भी चाहती है कि कांग्रेस के प्रदेश नेता हर राज्य में सीट बंटवारे पर बात करें। अगर कांग्रेस इस बात पर अड़ती है तो फिर कोऑर्डिनेशन कमेटी में सीट बंटवारे पर चर्चा नहीं हो पाएगी क्योंकि उसमें 13 सदस्य हैं और हर राज्य में सबकी मौजूदगी या रूचि नहीं है। मिसाल के तौर पर जेएमएम के सदस्य की महाराष्ट्र या मध्य प्रदेश में सीट बंटवारे में कोई रूचि नहीं होगी और न डीएमके को झारखंड में कोई रूचि होगी। सो, अगर कांग्रेस की राज्य इकाइयों को सीट बंटवारे के लिए कहा जाता है तो कोऑर्डिनेशन कमेटी में सिर्फ चुनावी रणनीति और साझा न्यूनतम कार्यक्रम आदे के बारे में चर्चा होगी। इसके समन्वयक या संयोजक की भी कोई भूमिका नहीं रह जाएगी।

अगर कांग्रेस की इस रणनीति पर टिकट बंटवारे की बात होती है तो इसका मतलब है कि बिहार में राजद, जदयू, कांग्रेस और लेफ्ट के नेता बैठ कर सीटों का बंटवारा करेंगे। उसमें 'इंडिया' गठबंधन की बाकी दो दर्जन पार्टियों का कोई रोल नहीं होगा। इसी तरह हर राज्य में जो मजबूत प्रादेशिक पार्टी है वह कांग्रेस या किसी दूसरी ऐसी पार्टी के साथ बात करेगा, जिसकी उस राज्य की राजनीति में मौजूदगी होगी। जिन राज्यों में गठबंधन तय नहीं है, जैसे उत्तर प्रदेश में तो उन राज्यों में 'इंडिया' के बड़े नेता प्रादेशिक पार्टियों के साथ बात करेंगे और उनको गठबंधन में लाने की कोशिश करेंगे।

कांग्रेस की इस रणनीति में एक पेंच ऐसी पार्टियों के साथ तालमेल का है, जिनकी अखिल भारतीय मौजूदगी है या जिनका एक से ज्यादा राज्यों में मजबूत संगठन है। जैसे एनसीपी के नेता महाराष्ट्र से बाहर गोवा, गुजरात, मेघालय आदि राज्यों में भी सीट की मांग कर सकते हैं। कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ अगर सीटों का तालमेल होता है तो वह भी राज्यवार मुश्किल लगता है कि क्योंकि सीपीएम और सीपीआई का संगठन अब भी कई राज्यों में है। बहरहाल, कांग्रेस की यह रणनीति प्रादेशिक पार्टियों को चिंता में डालने वाली है क्योंकि प्रदेश संगठनों से बातचीत में एक कॉमन या पूरे देश का एजेंडा बनाने में दिक्कत होगी। अगर यह बात राष्ट्रीय स्तर पर होती तो विपक्ष के बड़े नेता कांग्रेस पर दबाव बना सकते थे और भाजपा को हराने की दुहाई देकर उसके साथ मोलभाव कर सकते थे। राज्यों में यह थोड़ा मुश्किल होगा।

## सहमति का सवाल है

भारत एक विशाल और बहुलता भरा देश है। इस देश पर इसके नागरिक नागरिक का समान अधिकार है। इसलिए इस देश का नाम क्या हो, उसकी पहचान कैसी हो, आदि जैसे सवालों पर हर व्यक्ति की राय समान महत्त्व रखती है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की एक समिति ने सुझाव दिया है कि पाठ्यपुस्तकों में अपने देश का नाम हर जगह इंडिया के स्थान पर भारत लिखा जाए। अगर इस सुझाव का एक खास संदर्भ नहीं होता, तो इस पर विवाद या असहमति की कोई गुंजाइश नहीं होती। आखिर भारतीय संविधान में इस देश का नाम भारत और इंडिया दोनों लिखा है। इन दोनों में से किसी नाम का उपयोग संवैधानिक, कानूनी और उचित है। लेकिन ध्यान अगर इन नामों के उपयोग के संदर्भ पर दें, तो एनसीईआरटी कमेटी की ये पहल विवादास्पद मालूम पडने लगती है। संदर्भ से जुड़ी बात यह है कि भारत एक विशाल और बहुलता भरा देश है। इस देश पर इसके नागरिक नागरिक का समान अधिकार है। इसलिए इस देश का नाम क्या हो, उसकी पहचान कैसी हो, आदि जैसे सवालों पर हर व्यक्ति की राय समान महत्त्व रखती है। संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर लिखी गई किताबों में इस बात का उल्लेख है कि संविधान सभा में देश के नाम पर तीखी और गरमागर्म बहस हुई थी। इसके बावजूद संविधान सभा के सदस्यों के बीच इस पर आम सहमति नहीं बन सकी। तो उसका रास्ता संविधान के पहले वाक्य में इंडिया डैट इज भारत लिख कर निकाला गया। आज लगभग 75 साल भी इस प्रश्न पर देश आम सहमति नहीं है, यह बात इस संबंध में हाल में नरेंद्र मोदी सरकार की तरफ से हुई पहल पर विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है। इसलिए सरकार और उसकी एजेंसियों की दिशा में हो रही पहल एकतरफा नजर आती है और यह धारणा बनी है कि यह देश पर सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा के मुताबिक एकरूपता थोपने की परियोजना का हिस्सा है। जाहिर है, ऐसी धारणाएं देश के दीर्घकालिक हित में नहीं हैं। लोकतंत्र का मूल तत्व यह है कि उस व्यवस्था में सभी हितधारकों को यह महसूस होता है कि सिस्टम को चलाने में वे सहभागी हैं। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र सरकार ऐसी धारणा ना बनने दे, जिससे किसी समुदाय या व्यक्ति–समूह को यह महसूस हो कि उसके ऊपर कोई नाम थोपा जा रहा है।

# कुमार विश्वास ने किए बद्री केदार के दर्शन





देहरादून । देश के चर्चित कवि और शायर डॉ0 कुमार विश्वास आज एक दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहे। जहां उन्होंने सबसे पहले चमोली में बदरी विशाल के दर्शन किए। इसके बाद रुद्रप्रयाग पहुंचकर बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उत्तराखंड के खानपुर विधायक उमेश कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं, आज शाम कुमार विश्वास ने विधायक उमेश कुमार के साथ हरिद्वार हर की पैड़ी पर गंगा आरती में शिरकत की। कवि से राजनीतिज्ञ एवं मोटिवेटर का सफर तय कर चुके डॉ। कुमार विश्वास ने आज श्री बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने बताया कि सबसे पहले कुमार विश्वास सुबह 11 बजे केदारनाथ धाम पहुंचे। विधायक उमेश कुमार के साथ कुमार विश्वास सुबह केदारनाथ हेलीपैड पर उतरे। जहां बीकेटीसी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बाबा केदार के दर्शन किए। दर्शन के बाद उन्होंने लोगों के साथ फोटो भी खिंचवाई । बाबा केदार के दर्शन के बाद कुमार विश्वास बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। दोपहर 1 बजे बदरीनाथ धाम पहुंचे। जहां श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी से भी भेंट की। इसके बाद उन्होंने बदरी विशाल के दर्शन किए। वहीं, अपने चुटीले अंदाज में कहा कि भगवान सब कुछ देखता है। मनुष्य कुछ नहीं देखता। मैं पहले जो था, ईश्वर की कृपा से दोबारा वही बन गया हूं। बदरीनाथ धाम आकर काफी खुश महसूस कर रहा है। वहीं, कुमार विश्वास ने अपने एक्स अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है। जिसमें सूयीदय हो रहा है। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा है, एक पहाड़ी सुबह, जय बदरी विशाल । वहीं, आज शाम हरिद्वार हर की पैड़ी पर कुमार विश्वास गंगा आरती में शामिल हुए। "

## नैक प्रत्यायन में कर्णप्रयाग महाविद्यालय को मिला बी ग्रेड

चमोली।डा.शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग को नैक प्रत्यायन में बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इससे अब महाविद्यालय को 5 लाख पुरस्कार स्वरूप मिलेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केएल तलवाड़ के बताया कि महाविद्यालय की स्थापना के बाद नैक का यह पहला साइकिल था, जिसमें सीसीपीए 2.34 की प्राप्ति हुई है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। नैक प्रत्यायन में सफलता के बाद अब कॉलेज के विकास की नई राह प्रशस्त होगी। उल्लेखनीय है कि अब किसी भी महाविद्यालय को शासकीय ग्रांट प्राप्ति के लिए नैक प्रत्यायनित होना अनिवार्य है। इस सफलता में आईक्यूएसी के साथ ही महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य का अथक परिश्रम शामिल है।

## दो वर्षों से लंबित इंसेंटिव का भुगतान न होने से आक्रोश

रुद्रप्रयाग। जनपद में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारीयों की सामूहिक बैठक में 2 वर्षो से लंबित इंसेंटिव के भुगतान ना होने पर की चर्चा की गई। रुद्रप्रयाग जनपद के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में कार्यरत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने तिलवाड़ा स्तिथ लॉज में हुई बैठक में दौरान आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ़ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स उत्तराखंड के प्रदेश सचिव आशुतोष पंवार भी मौजूद थे। जनपद में कार्यरत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने वर्ष 2021 से लंबित इंसेंटिव की राशि का भुगतान ना होने पर नाराजगी जताई। प्रदेश सचिव आशुतोष पंवार ने बताया कि पूर्व में अनेकों बार कार्यालय मुख्यचिकित्सा अधिकारी रुद्रप्रयाग तथा कार्यालय मिशन निदेशक उत्तराखंड को उक्त विषय पर ज्ञापन दे चुके है, उत्तराखंड राज्य के अन्य जनपदों में यह समस्या नहीं है, सभी जनपदों में इंसेंटिव का भुगतान हो चूका है, किन्तु रुद्रप्रयाग जनपद में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के इंसेंटिव का भुगतान वर्ष 2021 से लंबित है। पूर्व में एक दिन का कार्यबहिष्कार कर भी रुद्रप्रयाग जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। बावजूद उसके पश्चात आज तक भी भुगतान नहीं हो पाया है। जिलाध्यक्ष मनीषा राणा, उपाध्यक्ष सचिन चंदेल द्वारा सामूहिक बैठक में फैसला लिया गया कि 3 नवंबर को सामूहिक अवकास लेकर जनपद में कार्यरत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कार्यालय मुख्यचिकित्सा अधिकारी का घेराव किया जायेगा।

## जमीनों के फर्जीवाड़े प्रकरण पर अब 21 लोगों के खिलाफ चार्ज शीट तैयार

देहरादून। राजधानी देहरादून में जमीनों के फर्जीवाड़े प्रकरण पर अब 21 लोगों के खिलाफ चार्ज शीट तैयार कर ली गई है। यही नहीं इसमें शामिल सभी आरोपियों पर गैंगस्टर लगाने की भी तैयारी की जा रही है। दरअसल, पुलिस की कोशिश है कि जमीन घोटाले में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इन्हें आसानी से कोई राहत ना मिल सके। जमीनों के फर्जीवाड़े में अब तक कई लोगों के नाम सामने आ चुके हैं और मुकदमा दर्ज होने के बाद कई लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। बड़ी बात यह है कि यह गोरखधंधा पिछले कई सालों से लगातार चल रहा था। लेकिन इसके बावजूद कभी भी इस पर किसी को कोई शक नहीं हुआ। हालांकि इसके बाद कुछ शिकायतें आने के बाद जांच के दौरान यह बातें सामने आई थी कि बड़े स्तर पर जमीनों को लेकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।इस मामले में अब तक 18 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जबकि देहरादून नगर कोतवाली में अलग–अलग 10 मुकदमे पंजीकृत किए जा चुके हैं।

प्रकरण को लेकर अब भी एसआईटी विवेचना कर रही है। खास बात यह है कि मामले में मास्टरमाइंड कहे जाने वाले कंवरपाल उर्फ केपी की सहारनपुर में मौत हो चुकी है। उधर माना जा रहा है कि जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ में कुछ और आरोपियों के भी नाम सामने आए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए ऐसे आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए गैंगस्टर लगाने की भी तैयारी की जा रही है। जबकि इस पर तेजी से विवेचना करते हुए आरोपियों को जल्द सजा दिलाने की भी कोशिश हो रही है। जमीन घोटाले मामले में देहरादून कोतवाली में 16 मार्च 2023 को दीपांकर मित्तल द्वारा अपनी पैतृक जमीन पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर तहसीलदार न्यायालय में दाखिल खारिज करने का मुकदमा दर्ज करवाया गया था। इसमें कुल आठ लोगों के खिलाफ विवेचना में विभिन्न धाराओं के साथ 7/8 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की वृद्धि भी की गई है।

## विरेंद्र को अध्यक्ष, सालक राम को सचिव चुना गया

विकासनगर। नवीन चकराता विकास समिति के गठन के लिए स्थानीय ग्रामीणों की बैठक रविवार को पुरोड़ी स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में संपन्न हुई। बैठक समिति का गठन कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम टुंगरा निवासी विरेंद्र सिंह रावत को अध्यक्ष, ग्राम ठाणा निवासी सालक राम जोशी को सचिव चुना गया। वहीं ग्राम बिरमऊ के दिनेश सिंह कोषाध्यक्ष, ग्राम कुनावा के युद्धवीर सिंह को सहसचिव नियुक्त किया गया। सरंक्षक मंडल में अर्जुन दत्त जोशी, श्रीचंद जोशी, प्यारेराम तोमर, रमेश रावत, सुंदर दत्त जोशी, खजान रावत, बबल सिंह तोमर, शमशेर सिंह, राजेंद्र जोशी, खुशीराम जोशी, नारायण दत्त जोशी को नामित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने बताया की समिति का उद्देश्य चकराता के लिए स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय को क्षेत्र में स्थापित कराना, नवीन चकराता टाउनशिप के नाम पर थोपे जा रहे एमडीडीए को निरस्त कराना, वर्तमान में निर्मित सिजला खड्ड छुटऊ तोक समूह पेयजल योजना का उचित रखरख-ाव करना, रेडक्रॉस द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि को पुनः ग्राम सभा मे सम्मिलित कराना है।

इसके साथ ही नवीन चकराता पुरोड़ी में कूड़ा निस्तारण की समस्या का समाधान करना, नवीन चकराता के नाम पर कहीं और चल रहे पेयजल निगम और सिंचाई विभाग के कार्यलय को वापस यहां स्थापित करने के लिए भी समिति प्रयास करेगी।

## राजकीय शिक्षक संघ ने दी बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

देहरादून। उत्तराखंड में राजकीय शिक्षक संघ ने 35 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। हालांकि, राजकीय शिक्षक संघ की तरफ से पिछले एक महीने के दौरान अपने विरोध को विभिन्न तरह से जाहिर किया गया है, लेकिन चार चरण में धरने पर जाने के बावजूद भी सरकार ने इस पर कोई ठोस पहल नहीं की है। बड़ी बात यह है कि अब शिक्षक संघ ने पांचवें चरण की शुरुआत के साथ ही आंदोलन को आगे भी जारी रखने का ऐलान कर दिया है। इस कड़ी में 30 अक्टूबर यानी सोमवार को राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर प्रदेश भर में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा।बता दें कि इससे पहले बीती 19 सितंबर को संगठन ने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की घोषणा की थी। इसके बाद 27 सितंबर को काली पट्टी बांधकर विरोध किया गया तो 8 अक्टूबर को परेड ग्राउंड में विशाल जागरण रैली निकाली गई। इसके बाद 16 अक्टूबर को सभी जिलों में मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय धरना भी दिया गया। इस पर भी बात नहीं बनने के बाद 26 अक्टूबर को मंडल मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना किया गया। जबकि, अब पांचवें चरण के तहत शिक्षा निदेशालय में धरना दिया जाएगा राजकीय शिक्षक संघ की 35 सूत्रीय मांगों में मुख्य तौर पर स्थानांतरण छूट में 40 फीसदी दिव्यांग को भी शामिल किए जाने, एकल अभिभावक को भी स्थानांतरण में रियायत दिए जाने और विधवा के साथ विधुर को स्थानांतरण से मुक्त रखे जाने की मांग रखी गई है। उधर, 7000 फीट से ज्यादा और कम उंचाई वाले दुर्गम स्थान की सेवा को एक्ट की धारा 20 का लाभ दिए जाने की भी मांग रखी गई है। राजकीय शिक्षक संघ की 35 सूत्रीय मांगों में ज्यादातर मामले स्थानांतरण से जुड़े हुए हैं।वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार संघ की तरफ से किया जा रहे प्रदर्शनों को गंभीरता से नहीं ले रही है। जबकि, अभी केवल पदाधिकारी ही किए जा रहे धरने में शामिल हो रहे हैं, लेकिन आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## एक नजर

### सहायता उपकरण के लिए 56 नौनिहालों का पंजीकरण

विकासनगर। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज में रविवार को समेकित शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उपकरण परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 56 दिव्यांग नौनिहालों का आवश्यक उपकरण दिए जाने के लिए पंजीकरण किया गया। सभी पंजीकृत नौनिहालों को एलिम्को की ओर से सहायता उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। शिविर का उद्घाटन खंड शिक्षाधिकारी वीपी सिंह और प्रधानाचार्य अनिल नेगी ने किया। बीईओ ने बताया कि एलिम्को की ओर से सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तहत दिव्यांगता की सशक्तीकरण के लिए सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के एडिप योजना के तहत विशेष उपकरण वितरित किए जाते हैं। एलिम्को दिव्यांग जनों के सहायक उपकरण का निर्यात करती है। संगठन द्वारा दिव्यांग जनों को पंजीकृत कर उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष शिक्षक रीता सैनी ने बताया कि पूर्व से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ आए नौनिहालों का पंजीकरण किया जा रहा है। उन्हें एक माह के अंदर उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। एलिम्को के चिकित्सकों ने दिव्यांग नौनिहालों का परीक्षण भी किया।

### राज्य सभा सांसद ने सैनी संगठन के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

विकासनगर। अखिल भारतीय सैनी संगठन की नवगठित कार्यकारिणी में उत्तराखंड से शामिल हुए पदाधिकारियों का राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सामाजिक संगठन को अपने समाज की संस्कृति, रीति–रिवाजों का संरक्षण करने के साथ ही समाज के अन्य वर्गों के हित में भी काम करना चाहिए। सांसद ने सभी पदाधिकारियों को कहा कि उन्हें सैनी समाज के संगठन को मजबूत करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

## मसूरी में क्रिसमस और नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू





मसूरी। पहाड़ों की रानी मसूरी में क्रिसमस और नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिसके तहत वेलकम होटल द सवाय परिसर में केक मिक्सिंग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखक गणेश शैली समेत अन्य लोगों ने शिरकत किया। यह केक आगामी 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के दिन देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को परोसा जाएगा। लेखक गणेश शैली ने बताया कि हैरिटेज होटल सवाय अपने आप में अलग है। जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व है। साल 1923 में होटल सवाय में केक मिक्सिंग सेरेमनी होती थी, जिसे वर्तमान प्रबंधन ने नए रूप में शुरू कर पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित किया है। जिसके लिए उन्होंने होटल प्रबंधन की तारीफ की और बधाई दी।

**क्रिसमस पर लोगों को बांटा जाएगा केक**

होटल मैनेजर गौतम वली ने बताया कि सवाय मसूरी का हेरिटेज होटल है। जिसका अपना इतिहास है। होटल प्रबंधन ने आधुनिक सुविधाएं देकर होटल के इतिहास और इमारत को सुरक्षित रखा है। होटल सवाय में रहने के लिए देश–विदेश से लोग आते हैं। पर्यटक होटल से दिखाई देने वाली हिमालय पर्वतमाला के दीवाने हैं।

उन्होंने कहा कि क्रिसमस पर परोसे जाने वाले केक की तैयारी के लिए केक मिक्सिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया है। केक दो महीने तक मिक्स करने की प्रक्रिया में रहेगा। उसके बाद क्रिसमस पर लोगों को दिया जाएगा। केक में एल्कोहल का होता है इस्तेमालः शेफ राजीव बडोला ने बताया कि क्रिसमस के लिए तैयार किए जा रहे स्पेशल केक में ड्राई फ्रूट्स और एल्कोहल डाला जाता है। जिसमें काली किशमिश, गोल्डन खुबानी, अंजीर, ड्रिंक रेजिन, खजूर, कैंडिड संतरे के छिलके, कैंडिड अदरक समेत विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है।

## रामलीला के लिए 500 किमी. दूर पहुंचा बाल कलाकार

देहरादून। छात्र शिवांकुर को रामलीला मंचन की उत्सुकता और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता उसे 500 किलोमीटर दूर ले गई। शिवांकुर का परिवार इसी साल देहरादून में शिफ्ट हुआ है। रामलीला मंचन करने के लिए अब वह देहरादून से पिथौरागढ़ पहुंच गया है।

बाल कलाकार शिवांकुर की अभिनय कला की गूंज दूरस्थ पहाड़ी जिलों तक है। वह रामलीला मंचन में लक्ष्मण का किरदार भी निभाते हैं। इस बार पिथौरागढ़ की श्री रामलीला समिति बुंगाछीना ने उन्हें रामलीला में लक्ष्मण का रोल अदा करने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन शिक्षण सत्र जारी होने के कारण स्कूल की लक्ष्मण रेखा आड़े आ गई। उन्हें रामलीला में मंचन के लिए छुट्टी नहीं मिली, तब रामलीला समिति ने स्कूल प्रबंधन को पत्र भेजकर अनुरोध किया। छात्र को स्कूल से 15 दिन की छुट्टी दे दी गई है। दरअसल, पिथौरागढ़ में रामलीला दशहरे के बाद होती है। इसका मंचन इस साल 29 अक्तूबर से शुरू हो रहा है। छात्र शिवांकुर वैसे तो पिथौरागढ़ का रहने वाला है। अब वह अपने परिवार के साथ देहरादून में ही रहता है। शिवांकुर देहरादून के श्री गुरु राम राय स्कूल नेहरुग्राम में कक्षा सात का छात्र है।

**शिवांकुर में अपनी संस्कृति के प्रति बेहद लगाव**

रामलीला समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह बिष्ट बताते है कि, शिवांकुर ने पिछले साल भी रामलीला मंचन में लक्ष्मण का किरदार निभाया था। इस बार वह देहरादून रहने लगा तो उसके मंचन में बाधा आ गई। समिति की पहल से छात्र को विद्यालय से अवकाश दे दिया गया है। शिवांकुर के पिता जगदीप सिंह बताते है कि, शिवांकुर को रामलीला में अभिनय करना काफी पसंद है। उसमें अपनी संस्कृति के प्रति बेहद लगाव है।

**मंचन की उत्सुकता ले गई 500 किमी दूर**

छात्र शिवांकुर को रामलीला मंचन की उत्सुकता और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता उसे 500 किलोमीटर दूर ले गई। शिवांकुर का परिवार इसी साल देहरादून में शिफ्ट हुआ है। रामलीला मंचन करने के लिए अब वह देहरादून से पिथौरागढ़ पहुंच गया है।

**अपने अभिनय से जीत लेता है लोगों का दिल**

समिति के अध्यक्ष विक्रम बिष्ट बताते है कि, शिवांकुर रामलीला में बेहद अच्छा अभिनय करता है। वह अपने अभिनय से लोगों का दिल जीत लेता है। शिवांकुर लक्ष्मण के साथ ही शत्रुघ्न का भी किरदार निभा चुका है।



## सड़क सुधारीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

चमोली। अपर चमोली खैनुरी मोटर मार्ग के सुधारीकरण सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर खैनुरी के ग्रामीणों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। बस स्टेशन पर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे सोवत सिंह फर्स्वाण, अनिल रावत, लक्ष्मण सिंह, सैन सिंह खत्री, राजेन्द्र सिंह, गौरव कुमार और जय प्रकाश सिंह ने बताया कि अपर चमोली खैनुरी मोटर मार्ग की स्थिति लंबे समय से खस्ताहालत है। ग्रामीणों और वाहन चालक जान हथेली पर रख कर चलने पर मजबूर हैं। प्रशासन और संबंधित विभाग को इस संबंध में कई बार मौखिक और लिखित जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने देहरादून की जिला कार्यकारिणी की घोषित



देहरादून। भारतीय किसान यूनियन, लोकशक्ति, द्वारा आज स्थानीय उज्जवल रेस्टोरेन्ट, परेड ग्राउण्ड देहरादून में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र दत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज केन्द्र और प्रदेश की सरकारें किसानों की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्हें गन्ने का भुगतान मिलों द्वारा नहीं किया जा रहा है और न ही सरकारें गन्ने का मूल्य बढा रही हैं। यदि किसान दूसरे प्रदेश में धान और गेहूं बेचने जाता है तो उस पर भी परेशानी है। बिजली का बिल भी माफ नहीं किया जा है। इन सभी मांगों के समर्थन में आगामी 08 नवम्बर को लखनऊ में एक विशाल पंचायत आयोजित की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र सरकार से इन सभी मांगों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मांग की जाएगी। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड से भी भा०कि०यू० लोकशक्ति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस विशाल पंचायत में भाग लेगें। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने सभी किसानों और अपने समस्त कार्यकर्ताओं से अपील की है कि इस विशाल पंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या बल में पहुंचकर सरकार के समक्ष अपनी मजबूती दिखाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशम्बर नाथ बजाज, कर्नल आमेश राम मन्हास, जगराम सिंह, नदीमुल इस्लाम, फूल अहमद डोनिस, शालिनी सोहल, आकाश अग्रवाल, मौ० साजिद, मौ० महबूब, मौ० इमरान खान आदि ने भी संबोधित करते हुए अपने अपने विचार रखें। संचालन प्रदेश प्रवक्ता नरेश कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला देहरादून की जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। कार्यकारिणी में मौ० महबूब को (जिला अध्यक्ष), नरेन्द्र शर्मा, सुखपाल चौहान, किरन थापा (महिला विंग) गौ० शानिब कुरेशी, धर्मेन्द्र प्रसाद को (उपाध्यक्ष), मुकेश शाहनी, जुबेर खान, सुशील कुमार, प्रियंका अग्रवाल, एड0 अमन अली, रवि पासवान को (महासचिव), रोहित सोनकर, शाह नवाज, मौ० जावेद, मौ० अब्बास, रूचिका गुप्ता को (जिला सचिव), दीप मनौचा, मौ० फिरोज खान को (जिला संगठन मंत्री), महफूज अली, अकरम 'सोनू' को (प्रचार मंत्री), मौ० शाहरूख को (कार्यालय मंत्री), दीपक अग्रवाल को (जिला कोषाध्यक्ष) मनोनित किया गया।

# भारत ने विश्व कप में लगातार छठी जीत हासिल की, लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रन से हराया



लखनऊ, वनडे विश्व कप के 29वें मैच में भारत ने गत विजेता इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। लखनऊके इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की 34.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत हासिल की। वहीं, इंग्लैंड की छह मैचों में यह पांचवीं हार है। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में में जगह बनाने के करीब पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर आ गई है।

**बुमराह ने इंग्लैंड की पारी को समेटा**

जसप्रीत बुमराह ने 35वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मार्क वुड को क्लीन बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। वुड ने एक ही गेंद का सामना किया और वह खाता नहीं खोल पाए। डेविड विली दूसरे छोर पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। वुड के आउट होते ही टीम इंडिया ने मैच को अपने नाम कर लिया। उसने इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत के अब छह मैच में 12 अंक हो गए हैं और वह सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब है।

दूसरी ओर, इंग्लैंड को छह मैचों में पांचवीं हार मिली है और उसके सिर्फ दो अंक हैं।भारत की इंग्लैंड पर विश्व कप में 20 साल में यह पहली जीत है। उसे पिछली जीत 2003 में मिली थी। उसके बाद 2011 में दोनों टीमों के बीच मुकाबला टाई रहा था। वहीं, 2019 में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था।

**भारतीय गेंदबाजों ने बरपाया कहर**

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की 34.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। भारत के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी ने इस मुकाबले में भी घातक गेंदबाजी की और चार विकेट अपने नाम किए। अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट चटकाए। कुलदीप यादव को दो और रवींद्र जडेजा को एक सफलता मिली।

**इंग्लैंड के तीन बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए**

भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाए और इंग्लैंड को दबाव में बनाए रखा। जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे दिग्गजों के अलावा मार्क वुड भी खाता नहीं खोल पाए। इंग्लैंड के लिए लियाम लिविंगस्टोन ही इकलौते ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने 20 रन का आंकड़ा पार किया।

### बीसीसीआई ने इस युवा क्रिकेटर पर लगाया दो साल का प्रतिबंध, ये रही वजह

श्रीनगर ,भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अलग–अलग जन्मतिथियों वाले कई जन्म प्रमाणपत्र जमा करने के कारण जम्मू–कश्मीर के क्रिकेटर वंशज शर्मा पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

जम्मू एवं कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) ने शनिवार को अधिसूचित किया, वंशज शर्मा (खिलाड़ी आईडी 17026) ने बीसीसीआई को कई जन्म प्रमाणपत्र जमा किए हैं, जिनमें जन्मतिथियां अलग–अलग हैं, इसलिए उन्हें 27 अक्टूबर, 2023 से शुरू होने वाले 2 साल की अवधि के लिए सभी बीसीसीआई टूर्नामेंट में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। .

आदेश में कहा गया है, अपनी 2 साल की प्रतिबंध अवधि पूरी होने के बाद वह केवल सीनियर पुरुष बीसीसीआई टूर्नामेंट में भाग ले सकते हैं और उसे बीसीसीआई के किसी भी आयु–समूह टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं है, बशर्ते कि वह अपने निवास या शिक्षा या रोजगार संबंधी दस्तावेज जमा करें।

# आफरीदी ने पाकिस्तान टीम का समर्थन किया

नई दिल्ली ,पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद आफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1 विकेट से हार के बावजूद पाकिस्तान टीम का समर्थन करते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की।



शाहिद आफरीदी ने चिन अप कहते हुए अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक्स (पहले ट्विटर) का सहारा लिया। आफरीदी ने चेन्नई की भीड़ को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया जिसने उन्हें 1999 टेस्ट की याद दिला दी।

थ्रिलर प्तष्ट्ठ्ठष्ट23 का बेसब्री से इंतज़ार था! हार्ड लक लडक़ों, किसी भी अन्य दिन, चीजें आपके अनुरूप होतीं। एक विकेट की हार विनाशकारी होती है, लेकिन आपको अपना हौसला बनाए रखना होगा क्योंकि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और अंत तक बहादुरी से लड़े।

चेन्नई की भीड़ के लिए तालियों की गडग़ड़ाहट। मुझे 1999 के टेस्ट में उनके जबरदस्त समर्थन की याद दिला दी।आफरीदी ने शुरुआत में पिछडने के बावजूद हार के जबड़े से जीत निकालने के लिए दक्षिण अफ्रीका को बधाई भी दी।

हार के जबड़े से जीत निकालने के लिए दक्षिण अफ्रीका को बधाई।

दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों ने पाकिस्तान को 46.4 ओवरों में 270 रनों पर आउट कर दिया, जिससे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज़ों की घबराहट भरी जीत संभव हो सकी, क्योंकि प्रोटियाज़ ने छह मैचों में अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 2.032 के बेहतर नेट रन रेट पर भारत से आगे निकलकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। भारत के 1.353 के मुकाबले, जिसके भी पांच जीत से 10 अंक हैं।पाकिस्तान के लिए, वनडे विश्व कप 2023 में उनका सफर लगभग खत्म हो गया है, जब तक कि कोई चमत्कार नहीं हो जाता। 6 मैचों में 4 हार के साथ वह सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए दूसरों पर निर्भर छठे स्थान पर है।

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है इंग्लैंड, अफगानिस्तान के पास मौका



नई दिल्ली, विश्व कप में 10 में से चार टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी, लेकिन अब लड़ाई टॉप–4 में नहीं बल्कि टॉप–7 में रहने की भी होगी। दरअसल, विश्व कप की अंक तालिका का असर चैंपियंस ट्रॉफी पर देखने को मिलेगा।आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में होना है। यह टूर्नामेंट 2025 में खेला जाएगा। भारत में हो रहे विश्व कप के बीच एक बड़ी खबर यह आई है कि चैंपियंस ट्रॉफी में हमेशा की तरह आठ टीमें हिस्सा लेंगी। विश्व कप में 10 में से चार टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी, लेकिन अब लड़ाई टॉप–4 में नहीं बल्कि टॉप–7 में रहने की भी होगी। दरअसल, विश्व कप की अंक तालिका का असर चैंपियंस ट्रॉफी पर देखने को मिलेगा।

विश्व कप के लीग चरण के अंत में अंक तालिका में शीर्ष सात में रहने वाली टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर जाएंगी। मेजबान पाकिस्तान के साथ आठ टीमें खेलेंगी। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को बताया कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए योग्यता प्रणाली को 2021 में आईसीसी बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया था। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पिछली बार 2017 में किया था। तब पाकिस्तान ने भारत को हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

# हर्काज ने स्विस इंडोर फाइनल में प्रवेश किया, ऑगर—अलियासिमे ने रूण को हराया

बासेल हबर्ट हर्काज़ ने शनिवार को उगो हम्बर्ट को 6–4, 3–6, 7–6(5) से हराकर स्विस इंडोर्स बासेल फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत ने विश्व नं.11 को प्रेरित किया और हर्काज़ ने सीजन् के लिए एटीपी रेस टू ट्यूरिन में नौवां स्थान हासिल करते हुए टेलर फ्रिट्ज़ को पीछे छोड़ दिया। इससे वह होल्गर रूण और आठ सदस्यीय एटीपी फाइनल्स के लिए कट से केवल एक स्थान दूर रह गए हैं।

एटीपी टूर रिपोर्ट के अनुसार इस महीने की शुरुआत में शंघाई मास्टर्स खिताब जीतने वाले हर्काज़ साल का अपना तीसरा, एटीपी 500 स्तर पर दूसरा (हाले, 2022) और कुल मिलाकर आठवां खिताब चाहते हैं।

फाइनल में हर्काज़ का मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर–अलियासिमे से होगा। 23 वर्षीय कनाडाई ने होल्गर रूण को 6–3, 6–2 से हराकर पिछले साल इसी प्रतियोगिता में खिताब जीतने के बाद अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया।

ऑगर–अलियासिमे अपने पिछले 12 मैचों में से केवल चार जीतकर बासेल पहुंचे, लेकिन एटीपी 500 इवेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब दिख रहे हैं। रूण के खिलाफ एक ऑल–एक्शन प्रदर्शन में, उन्होंने 83 मिनट के बाद वर्ष की अपनी पहली शीर्ष 10 जीत हासिल करने के लिए डेन की सर्विस को चार बार तोड़ा।



रूण ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में बासेल को हर्काज़ से 215 अंक आगे रहते हुए छोड़ा। यदि पोल रविवार को ट्रॉफी जीतता है तो वह उस अंतर को घटाकर केवल 15 अंक कर सकता है।

## फिल्मी दुनियां

# उर्फी जावेद की बहन उरूसा ने चॉकलेटी बदन के साथ बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा



उर्फी जावेद का फैशन सेंस और यूनीक ड्रेसिंग सेंस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बहनें भी इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से कहर बरपाए रहती हैं। उर्फी जावेद की छोटी बहन असफी जावेद भी अपनी फैंस को रिझाती रहती हैं। वहीं, उरूसा की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं। खूबसूरती के मामले में उरूसा अपनी बहन उर्फी जावेद की तरह की बेहद ही ग्लैमरस और हॉट हैं। डिजिटल मार्केटर के तौर पर करियर बनाने वाली उरूसा जावेद ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप और स्कर्ट में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस उरूसा ने अपनी बॉडी पर चॉकलेट को लगाया, जिनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ी हुई हैं। चॉकलेटी बदन के साथ उरूसा की तस्वीरों को देखकर फैंस की सांसें बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने बने रहते हैं। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। बता दें कि उर्फी जावेद की कुल तीन बहनें हैं, जिसमें सबसे बड़ी उरूसा जावेद हैं, उरूसा मुंबई में खुद का बिजनेस चलाती हैं फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं।

उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के 110 के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के 110 के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं।

### अश्विन बाबू अभिनीत हिडिम्बा को नई रिलीज़ डेट

एके एंटरटेनमेंट्स ने नए जमाने की थ्रिलर हिडिम्बा की नई रिलीज डेट की पुष्टि की है, जो सीरियल हत्याओं की पृष्ठभूमि के माध्यम से भारतीय इतिहास के एक काले अध्याय का खुलासा करती है, जिसमें अश्विन बाबू और नंदिता स्वेता मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 7 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे 20 जुलाई 2023 तक के लिए टाल दिया गया है। अनिल कन्नेगांती द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रीनिवास रेड्डी, विद्युलेखा रमन और मकरंद देशपांडे भी अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।एके एंटरटेनमेंट्स के आधिकारिक हैंडल ने फिल्म का एक नया पोस्टर और रिलीज की तारीख साझा की।यह एक ऐतिहासिक कथा और एक खोजी थ्रिलर है।

पौराणिक कथाओं में, हिडिम्बा सुरा (भीम ने अपनी बहन से शादी की थी) एक राक्षस है और फिल्म में जनजाति उसकी विचारधारा को दर्शाती है।

# प्रभास के सालार से सामने आया का नया पोस्टर, कई सारे अवतार में दिखे सुपरस्टार

प्रभास की मचअवेटेड फिल्म सालार को लेकर गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है. फिल्म को लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं. वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है. इस पोस्टर को शेयर करते हुए फिल्म के मेकर्स ने सुपरस्टार को जन्मदिन की ढेर सारी बधाईयां दी हैं.

फिल्म का पोस्टर बेहद शानदार नजर आ रहा है, जहां प्राभस एक नहीं दो नहीं बल्कि कई सारे अवतार में नजर आ रहे हैं. सोशल मीडिया पर यह पोस्टर खूब वायरल हो रहा है. फैंस उनके इन बेहतरीन लुक्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं.


हाल ही में खबर आई थी कि 'सालार' के ओटीटी राइट्स बेच दिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के राइट्स 80 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। अब ऐसे में प्रभास की इस फिल्म ने एस.एस. राजमौली की फिल्म आरआरआर को पछाड़ दिया है। आरआरआर के ओटीटी राइट्स 75 करोड़ में बिके थे।



ये फिल्म 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सालार में प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, टीनू आनंद, ईश्वरी राव, जगपति बाबू, श्रीया रेड्डी, गरुड़ राम भी हैं।

# कोहरा के कारण पंजाबी कल्चर के करीब आईः हरलीन सेठी

एक्ट्रेस हरलीन सेठी अपने स्ट्रीमिंग शो 'कोहरा' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। नेटफ्लिक्स शो के लिए उन्हें साइन किया गया, और इसकी एक दिल को छू लेने वाली कहानी है। उन्होंने खुलासा किया कि कैसे 'कोहरा' में उनका किरदार निमरत उन्हीं का एक हिस्सा है। हरलीन ने एक छोटा सा वीडियो साझा किया और इसके साथ एक इमोशनल नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, निमरत मेरा ही हिस्सा है। मैं एक बच्चे की तरह हमेशा से पंजाबी कल्चर से दूर भागती रही। मैं इसी शहर में पैदा हई और पला–बढ़ी, जिसे काफी कूल माना जाता है, लेकिन 'कोहरा' मिलने के बाद मेरी जिदंगी को एक नई दिशा मिली।



हरलीन ने आगे कहा, फिल्मांकन शुरू करने से पहले, एक वर्कशॉप के बाद मैंने सुदीप सर से पूछा कि क्या मैं अपने हाथ पर गुरुमुखी में 'निर्भाऊनिरवैर' लिखवा सकती हूं। अब मैं कुछ ऐसा चाहती थी, जो मेरे साथ मेरे मरते दम तक रहे। आज मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं कौन हूं और कहां से आयी हूं।

# फिल्म 'अपूर्वा' से तारा सुतारिया का पहली झलक आई सामने, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और तब से अपने करियर में आगे बढ़ती गईं हैं। इसके बाद, एक्ट्रेस अपूर्वा के लिए तैयारी कर रही है, जिसे फिल्म मेकर निखिल नागेश भट्ट द्वारा निर्देशित एक सर्वाइवल थ्रिलर प्रोजेक्ट कहा जाता है। हाल ही में फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से अभिनेत्री तारा सुतारिया का पहला लुक रिलीज कर दिया हैं। साथ ही फैंस को इस फिल्म से राजपाल यादव और अभिषेक बनर्जी की एक झलक दिखाते हुए मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का भी खुलासा किया हैं।

ये फिल्म 15 नवंबर से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए पुरी तरह से तैयार हैं। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में इसके पोस्टर की मदद से फिल्म से सुतारिया का पहला लुक भी जारी कर दिया हैं। पोस्टर में अभिनेत्री को एक दिलचस्प अवतार में देखा जा सकता है क्योंकि उनके हाथ में खून से सना हुआ एक बड़ा चाकू है। तारा सुतारिया का यह लुक इसके फएंस के बीच खलबली पैदा कर रही हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, सुतारिया ने बताया कि यह फिल्म एक साधारण लडक़ी की शक्तिशाली और रोमांचक कहानी है, जिसका साहस एक दिलचस्प यात्रा तय करता है।



फिल्म के मेकर्स ने फिल्म से अभिनेता अभिषेक बनर्जी और राजपाल यादव का लुक भी जारी कर दिया हैं। फिल्म में दिखाई गई झलक में इन दोनों को सुतारिया के साथ देखा जा सकता है। फिल्म में अपने किरदार के बारे में चर्चा करते हुए, बनर्जी ने बताया की ये कितना खतरनाक है और यह भी कहा कि उन्हें पहली कहानी में स्क्रिप्ट आकर्षक लगी। अभिनेता राजपाल यादव, जो फिल्म में भी नजर आएंगे, ने कहा कि दर्शक कॉमेडी किंग को "असामान्य" अवतार में कैसे देखेंगे।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338